

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | बुधवार, 08 जनवरी 2025 | वर्षः 02, अंकः 324, पृष्ठः 8, मूल्यः 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# किसानों के लिए आप-दा हैं केजरीवाल: शिवराज

## किसान प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में आए किसान भाइयों-बहनों से चर्चा की

**नई दिल्ली**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से संवाद के अपने नियमित कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को दिल्ली में सफदरजंग रोड स्थित अपने निवास स्थान पर दिल्ली राज्य के किसान संगठनों, किसान प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में आए किसान भाइयों-बहनों से चर्चा की। किसानों ने कृषि मंत्री को अनेक गंभीर समस्याएं बताईं। शिवराज सिंह ने कहा कि उन्हें पहले भी दिल्ली के किसानों ने समस्याएं बताईं थी, जिस पर उन्होंने तुरंत ही दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखा था। चौहान ने कहा कि उन्होंने जवाब भी नहीं दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि भारत सरकार की किसान कल्याण की योजनाओं को आप दिल्ली के किसानों के लिए लागू करें। चौहान ने दुखी मन से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की अनेकानेक योजनाओं का लाभ दिल्ली के किसानों को नहीं मिल रहा है। दिल्ली के किसानों के लिए प्राकृतिक आपदा से बड़ी आप-दा केजरीवाल हैं। शिवराज सिंह ने कहा कि केंद्र द्वारा राज्यों के माध्यम से ही योजनाएं लागू की जाती हैं, यह व्यवस्था की बात है। दिल्ली में किसान हित में व्यवस्था परिवर्तन होना चाहिए। दिल्ली में ट्रैक्टर भी कमर्शियल माना जाता है, रजिस्ट्रेशन का ज्यादा पैसा लगता है, यहां गंदे पानी में फसल बर्बाद होती है। यहां सोलर पंप योजना लागू नहीं है, फसल बीमा योजना लागू नहीं है। इस कारण दिल्ली राज्य के किसान बहुत परेशान है। शिवराज सिंह ने दिल्ली सरकार से कहा कि आप प्रस्ताव भेजो, पैसा ले जाओ और किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाओं। केंद्र सरकार ने बागवानी विकास मिशन लागू कर रखा है, जिसमें किसानों को बीज-खाद, कृषि यंत्रों, पाली हाऊस, ग्रीन हाऊस आदि पर सब्सिडी मिलती है, जो केंद्र सरकार देती है राज्य सरकार के माध्यम से, लेकिन दिल्ली सरकार ने लागू नहीं किया है। दिल्ली में एमएसपी पर खरीद ही नहीं होती है, जो हम राज्य सरकार के माध्यम से ही करते हैं। किसानों की फसल खराब हो जाती है लेकिन दिल्ली में राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ही लागू नहीं की है।



### कृषि एवं किसान कल्याण की योजनाओं के लाभ से दिल्ली के किसान वंचित

इस तरह से कृषि एवं किसान कल्याण की योजनाओं के लाभ से दिल्ली के किसान वंचित है, यह दुःख की बात है। यहां किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ नहीं मिलता है। अधिकारी कहते हैं कि दिल्ली में किसी प्रकार की फसल बीमा योजना नहीं है। ड्रिप एरीगेशन पर पड़ोसी राज्य में 50 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी है, लेकिन दिल्ली के किसान को सिंचाई योजना में ड्रिप इरीगेशन पर सब्सिडी नहीं मिलती है। पड़ोसी राज्यों में सोलर योजना है लेकिन दिल्ली में सोलर योजना भी नहीं है। दिल्ली राज्य सरकार की रुचि कृषि विज्ञान केंद्रों में भी नहीं है, जबकि दूसरे राज्यों में कई कृषि विज्ञान केंद्र होते हैं। दिल्ली का किसान प्राकृतिक खेती से वंचित है, कई प्राकृतिक खेती करता हूं लेकिन उस पर भी उन्हें सब्सिडी नहीं मिलती है। लालडोरे की भी समस्या है। इस दौरान सांसद योगेंद्र चंदोलिया, सांसद रामवीर सिंह विधूड़ी, सांसद कमलजीत सेहरावत, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेहरावत, रावता गांव के देवेंद्र कुमार, बारा के प्रधान खजान सिंह, सत्रह गांव के प्रधान देवेंद्र यादव, भारतीय किसान यूनियन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन कवरलाल डागर आदि सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे, जिन्होंने खुलकर अपनी समस्याएं बताईं।



## सऊदी अरब में बारिश का कहर, मक्का-मदीना के लिए जारी हुआ रेड अलर्ट

**रियाद**

सऊदी अरब के जेद्दा शहर, मक्का और मदीना के अधिकांश इलाकों में हो रही झमाझम बारिश की वजह से पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। भारी बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं से लोगों को काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने मुख्यतः मक्का और मदीना में रेड अलर्ट जारी किया है। पर्यावरण, जल और कृषि मंत्रालय के अनुसार बदर प्रांत के अल-शफि याह और जेद्दा के अल-बसातीन में अगले कुछ दिन और बारिश की संभावना जताई है। वहीं, राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनसीएम) ने मक्का-मदीना के लिए रेड अलर्ट जारी करने के बाद अधिकारियों ने लोगों से प्रशासनिक चेतावनियों और सलाह का कड़ाई से पालन करने को कहा है। मौसम केंद्र के वक्ता हुसैन अल-कहतानी ने कहा कि जेद्दा प्रांत में मध्यम से भारी बारिश जारी रहने की संभावना है।

## उद्योग में एआई की परिवर्तनकारी भूमिका प्रदर्शित करने वाला कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली**

इस्पात मंत्रालय ने सोमवार को नई दिल्ली में "इस्पात उद्योग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग" नामक एक प्रमुख कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इस्पात क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की परिवर्तनकारी क्षमता का पता लगाना था।

## रेल मंत्री ने नई दिल्ली स्टेशन पर ऑटो-टैक्सी पार्किंग शुल्क को घटाकर दी बड़ी सौगात



**नई दिल्ली**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को विधानसभा चुनाव की घोषणा से कुछ घंटे पहले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया और ऑटो-टैक्सी पार्किंग शुल्क को घटाकर चालकों को बड़ी सौगात दी। वैष्णव ने इस दौरान ऑटो रिक्शा का मासिक पार्किंग चार्ज 708 रुपये से घटाकर 200 रुपये एवं काली पीली टैक्सी का मासिक पार्किंग चार्ज 1180 रुपये से घटाकर 400 रुपये करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू होगा। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव और भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेलवे कुली और ऑटो-कैब चालको से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। स्टेशन पर दोनों नेताओं को कुलियों ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। दिल्ली मंडल कुली यूनियन की ओर से छह मांग और दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ की ओर से पांच मांगों वाला एक ज्ञापन रेल मंत्री को सौंपा गया। ऑटो चालकों की मांगों में मुख्य रूप से रेलवे स्टेशन पर काली पीली टैक्सी के लिए 1180 रुपये और ऑटो रिक्शा के लिए 708 रुपये को कम करने, ऑटो चालकों से रेलवे स्टेशन परिसर में प्रवेश करने पर प्राइवेट ठेकेदारों द्वारा प्रवेश शुल्क वसूलने को रोकने के लिए, सभी ऑटो चालकों को सर्दी एवं बारिश से बचने के लिए आराम घर बनवाने, ऑटो चालकों को उनके पुरानी जगह दोबारा दिलाने और आरपीएफ द्वारा ऑटो चालकों को परेशान करने से रोकने की मांग शामिल है।





# श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय के बच्चों को यातायात नियमों के प्रति दिया गया प्रशिक्षण

## घायल को अस्पताल पहुचाएं, बाद में फिर वीडियो बनाएं

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री के दिशानिर्देशन में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय फाफामऊ में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) ईकाई के कैम्प में यातायात जागरूकता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरूआत में दीप प्रज्वलित किया गया



और प्रधानाचार्य शुभ्रा श्रीवास्तव द्वारा पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि पवन कुमार पाण्डेय का स्वागत किया गया। छात्र छात्राओं को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए मुख्य अतिथि यातायात जागरूकता प्रभारी द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति व्याख्यान दिया गया।

कार्यक्रम में निरीक्षक पवन पाण्डेय ने छात्रों को बताया कि सड़क दुर्घटना में न जाने कितने लोगों की जान चली जाती है और अंगों के विकलांगता से जीवनभर दूसरो पर निर्भर रहते हैं। खासकर जो बच्चे साइकिल से स्कूल के लिए आते हैं उनके लिए सुरक्षित सफर करना एक बड़ी चुनौती बन गई है,बच्चो से अपील किया गया की वह भी हेलमेट का प्रयोग करें और अपने अभिवावक को भी यातायात नियमों के प्रति प्रेरित करें,कारण है कि लोग नियमों को लेकर लापरवाही करते हैं। छात्रों को बताया गया कि कार चालक सीट बेल्ट वा दोपहिया चालक सही मानकों वाला हेलमेट पहनकर ही घर से निकलें और तीन सवारी दोपहिया वाहन पर न बैठाए। सड़क पर हमेशा दूसरे वाहनों से निश्चित दूरी बनाकर रखनी चाहिए। सड़क किनारे लगे दिशासूचक (आदेशात्मक, सूचनात्मक, संकेतात्मक) बोर्ड व सड़क सुरक्षा नियमों की भलीभांति जानकारी होनी चाहिए। वाहन चलाते समय नशा न करें। लोग कान में इयरफोन लगाकर गाड़ी चलाते हैं जो बेहद खतरनाक है। उन्होंने छात्रों को गुड सेमिरिटन वा यातायात के दस स्वर्णिम सिद्धान्त के भी बारे में बताया।

वाहन चलाते समय आवश्यक कागज साथ रखने के लिए सरकार द्वारा प्रमाणित ऐप (डीजी लाकर, एम परिवहन) में सुरक्षित रख सकते हैं, किसी भी दुर्घटना में घायल व्यक्ति की तुरंत मदद करें और गुड सेमिरिटन बने और सरकार से ईनाम भी पाए। उक्त कार्यक्रम में कॉलेज के समस्त शिक्षक एवं लगभग 120 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिन्होंने यातायात के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारियां ग्रहण की एवं इसे आगे और आगे प्रसारित करने के लिए संकल्प लिया। यातायात के प्रति सराहनीय व्याखायन के लिए कॉलेज के प्रधानाचार्या शुभ्रा श्रीवास्तव द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ स्वाती श्रीवास्तव, डॉ दिलीप मौर्य, डॉ अरुण प्रताप सिंह, रजनीकांत रॉय,समाजसेवी (रेलवे चाइल्ड लाइन 1098) नितीश शुक्ल, संदीप शुक्ल,सतेन्द्र कुमार, राजित कुमार व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## महाकुंभ पर यात्रियों/ट्रेंन की सुरक्षा के दृष्टिगत चलाया गया चेकिंग अभियान





**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में महाकुंभ पर यात्रियों/ट्रेंन की सुरक्षा के दृष्टिगत चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में मंगलवार को एलआईयू , जीआरपी व एएस चेक की संयुक्त टीम द्वारा फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध वस्तु/व्यक्ति व मादक/ज्वलनशील पदार्थ की सघन चेकिंग की जा रही है।

## पंपलेट के माध्यम से महिलाओं को किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। पुलिस अधीक्षक** कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/

विद्यालय/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस क्रम में थाना *चरवा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में जाकर, थाना मो0पुर पंइसा पुलिस टीम द्वारा ग्राम मो0पुर पइंसा में भ्रमणशील रहकर, थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा ग्राम गड़वा में भ्रमणशील रहकर, थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर, थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर, थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा ग्राम चकसैनी व थुलगुलामें जाकर, थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा कस्बा भरवारी मे जाकर,महिला थाना द्वारा क्षेत्र में जाकर तथा थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा कसिया मलाक मोहद्दीनपुर मे* भ्रमणशील रहते हुए/चौपाल लगाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/छात्राओं/महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर *विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि* के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा *सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि* के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

## बैठक पर बैठक फिर भी जाम की समस्या का नहीं हुआ समाधान

### नगर पंचायत प्रशासन पुलिस और व्यापार मंडल की कई बार हो चुकी है संयुक्त बैठक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज प्रयागराज ।** स्थानीय कस्बे के जेठवारा मार्ग पर जाम का झाम नासूर बन गया समस्या के समाधान के लिए मंगलवार को स्थानीय पुलिस चौकी परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई बैठक में व्यापार मंडल पुलिस एवं नगर प्रशासन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई जिसमें जेठवारा



रोड पर लगने वाले जाम की समस्या के समाधान पर विस्तार से चर्चा हुई, बैठक की अध्यक्षता कर रहे तहसीलदार सोरांव एवं एसीपी जंग बहादुर यादव ने समस्या के समाधान का वादा किया व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने ठेले खोमचे वालो तथा स्थानीय प्रशासन की उदाशीनता को जाम का जिम्मेदार ठहराया जेठवारा मार्ग पर लगने वाले जाम को लेकर बीते 7 मार्च को भी नगर पंचायत कार्यालय में बैठक कर समाधान का आश्वासन दिया गया था लेकिन आज तक समाधान नहीं हुआ अधिकारी ने भरोसा जताया कि इस बार कर्बला मैदान से तिराहा तक सड़क पटरी और नाले दुकान नही लगाया जाएगा बैठक में ईओ पद्मजा मिश्रा ,व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल,मजीद फारूकी , जौवार अहमद , विजय भास्कर त्रिपाठी, राकेश केसरवानी आदि लोग मौजूद रहे।

## पास्को एक्ट का वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा पोक्सो एक्ट व 3 (2) श एससी/एसटी एक्ट से संबंधित दिलीप कुमार



लोधी पुत्र केश कुमार लोधी निवासी नारायण का पुरवा थाना कोतवाली नगर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

**प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय थाना कोतवाली नगर . उ0नि0 अखिलेश यादव।**

## अच्छी कार्य कुशलता ही किसी व्यक्ति की पहचान होती है- गौतम

**मौजी लाल रावत**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर। अच्छी कार्य** कुशलता ही किसी भी व्यक्ति असली पहचान होती है उक्त बाते मंगलवार को फूलपुर थाने पर कस्बा चौकी इंचार्ज के विदाई समारोह के दौरान थाना प्रभारी फूलपुर प्रवीण कुमार गौतम ने बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की नौकरी में आना जाना लगा रहता है लेकिन हर पुलिस अधिकारी कर्मचारी को चाहिए कि वह जहां भी रहे अपने अच्छी कार्य कुशलता के जरिए क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाए रखे जिससे उसके जाने के बाद भी लोग उसे दिल से याद करते रहे। श्री गौतम ने कस्बा चौकी इंचार्ज फूलपुर



आकाश सचान की सराहना करते हुए कहा कि सचिन फूलपुर में 10 दिसंबर 2023 को आए और अपने एक लंबे समय के कार्यकाल में अच्छी सेवाएं देकर विभाग सहित स्थानीय लोगों में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखा जो यादगार के रूप में जाना जाएगा। चौकी इंचार्ज के सचान का स्थानांतरण बडगांव चौकी प्रभारी के रूप में हुआ तो स्थानीय थाना के स्टॉप ने उन्हें भावभीनी विदाई थाना प्रांगण में देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में द्वितीय इंस्पेक्टर पारसनाथ यादव, उप निरीक्षक बिंद्रेश यादव, अमीरुद्दीन, अनूप वर्मा, मनोज यादव, गौतम कुमार, जगत पाल सिंह, दद्न सिंह ,मुंशी शिवशरन, उपनिरीक्षक काजल पटेल, विभा, उपमा, मिताली सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी सहित संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

## फतेहपुर के समस्त थानों पर मिशन शक्ति व एण्टीरोमियो टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर । प्रदेश** सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे *ह्लमिशन शक्ति फेज-5.0" के तहत मंगलवार पुलिस अधीक्षक महोदय फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एण्टी रोमियो टीम द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि तथा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया ।

## पासपोर्ट बनवाने के नाम पर धोखाधड़ी के संबंध में साइबर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संपूर्ण धनराशि को वापस कराया गया



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। साइबर** थाना, जनपद बाराबंकी को ऑफलाइन शिकायती प्रार्थना पत्र हुआ, जिसमें साइबर अपराधियों द्वारा आवेदक श्री मोहम्मद फिरोज पुत्र मोहम्मद सरवर निवासी असद नगर दशहराबाग नवाबगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी के साथ वीजा/ पासपोर्ट के नाम पर धोखाधड़ी कर 01 लाख रुपये का फ्रॉड होने का उल्लेख किया गया।

संदर्भित प्रकरण में तत्काल साइबर क्राइम थाना द्वारा साइबर तकनीकी का प्रयोग कर संबंधित मर्चेंट से पत्राचार कर सम्पूर्ण धनराशि 01 लाख रुपए आवेदक के खाते में वापस कराए गए।

**पुलिस टीम**

निरीक्षक आलोक कुमार वर्मा प्रभारी साइबर थाना. निरीक्षक विनय प्रकाश राय प्रभारी साइबर सेल।

## सीओ के नेतृत्व में चला चेकिंग अभियान 200 वाहनों का हुआ चलान

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** मंगलवार को क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी द्वारा पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत सड़क किनारे अतिक्रमण हटवाया गया तथा अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध उपजिलाधिकारी व नगर पालिका को रिपोर्ट प्रेषित की जा रही है। साथ ही क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा यातायात



नियमों का उल्लंघन करने वाले 200 से अधिक वाहनों का चालान किया गया तथा यातायात नियमों का गंभीर रूप से उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस के निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है।

## दुष्कर्म का वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल




**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पुलिस अ**धीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना सुल्तानपुर घोष पुलिस द्वारा दुष्कर्म पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त अजय यादव उर्फ सुघर पुत्र केशव यादव नि0 ग्राम भादर थाना सु०घोष जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, थानाध्यक्ष सुल्तानपुर घोष. उ0नि0 आकाश मिश्रा।

## डीजे, डीएम, एसपी ने जिला कारागार बाराबंकी का किया औचक निरीक्षण

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** जनपद न्यायधीश पंकज कुमार सिंह, जिलाधिकारी बाराबंकी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा जिला कारागार में संयुक्त रुप से पुलिस बल के साथ जिला कारागार बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों, मेस, जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे,वीडियो कान्फ्रेंसिंग रूम आदि की सघन चेकिंग की गई। तदोपरांत कैदियों की समस्याओं/सुविधाओं के



सम्बन्ध में सम्बन्धित से जानकारी ली गई तथा साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये तथा जिला कारागार निरीक्षण के दौरान बन्दियों से मिलने वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध मे जानकारी की गई तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## डीएम ने महाकुम्भ के दृष्टिगत राम वनगमन मार्ग के चल रहे निर्माण कार्य से संबंधित अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



**स्वाती मिश्रा**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में महा**कुम्भ 2025 के दृष्टिगत राम वनगमन मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से संबंधित चल रहे निर्माण कार्य के सम्बन्ध में शासकीय विभागों के कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियन्ता, एन0एच0आई0 को निर्देशित किया कि राम वनगमन मार्ग में जहॉ-जहॉ पर भी डायवर्जन किया गया है, वहॉ पर रिफलेक्टर/साइनेज,सकेंतक बोर्ड अवश्य लगवाये जायें। उन्होंने कहा कि रोड सेफ्टी एक्शन प्लॉन तैयार किये जाने के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि रामवनगमन मार्ग में जहॉ-जहॉ पर मलवा पडा है, उसको हटाया जाय एवं जहॉ-जहॉ वाहनों के चलने पर धूल उड़ रही है, वहॉ पर पानी का छिडकाव कराए, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या ना हो है। उन्होने कहा है कि निर्माण कार्य में जो भी वाहन लगाए गए हैं , उन वाहनों पर कोहरे के दृष्टिगत रेडियम एवं रिफलेक्टर्स अवश्य लगवायें जाय, जिससे सामने से आने वाले लोगों को उसके बारे में पता चल सकें एवं होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह,अधिशाषी अभियन्ता, रामवनगमन मार्ग, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## चोरी की बाइक, एटीएम व कूटरचित आधार कार्ड के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**ब्यूरो चीफ**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। एसपी बृजेश** कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी के सिराथू चौकी प्रभारी मनोज कुमार तोमर मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त शहबान खान पुत्र



तजम्मुल नि० ग्राम पूरे हुडहा कोतवाली व जनपद प्रतापगढ़ को नगियामई मोड के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 04 अदद एटीएम कार्ड, 04 अदद कूटरचित आधार कार्ड, 1000 रू0 नगद, 01 अदद एण्ड्रायड मोबाइल फोन व चोरी का 01 अदद मोटर साइकिल बरामद किया गया।

## चार गांजा सप्लायर गिरफ्तार 3 किलो गांजा तमंचा कारतूस घटना में चार पहिया बरामद




**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर । पुलिस अधीक्ष**क फतेहपुर के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा दौराने चेकिंग अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अभियुक्तगण गुड्डू सविता पुत्र स्व० सत्यनारायण निवासी हृदयखेड़ा थाना नरवल जनपद कानपुर नगर. मोहित कुमार तिवारी पुत्र राजेश कुमार तिवारी निवासी पहाड़पुर थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात . गोलू गुप्ता पुत्र हुकुम गुप्ता उर्फ राम शंकर निवासी डिंग थाना बिंदकी जनपद फतेहपुर हाल पता सफीपुर मोहल्ला कमल यादव के मकान में किराए पर रामादेवी, आयुष कुमार सविता पुत्र सुनील कुमार निवासी सनगांव थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगणों के कब्जे से 03 किलो 892 ग्राम नाजायज गांजा व एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर तथा घटना में प्रयुक्त वाहन वाहन को बरामद किया गया।

# कांग्रेसियों ने फूंका भाजपा नेता रमेश विधूडी का पुतला

**कांग्रेस नेताओं ने धरना प्रदर्शन करते हुए कहा कि नेता प्रियंका गांधी का अपमान हम कतई नहीं करेंगे बर्दाश्त**

**जब तक भाजपा नेता को जेल नहीं भेजा जाएगा तब तक यह लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक जारी रहेगी**

ब्यूरो चीफ
सबसे तेज प्रयागराज



**कौशाम्बी। भाजपा ने**ता रमेश विधूडी के द्वारा प्रियंका गांधी पर बोले गए अपमान जनक शब्द के विरोध में कांग्रेसी उत्तेजित दिखाई पड़े हैं और मंगलवार को नगर पंचायत करारी में कांग्रेस नेताओं ने धरना प्रदर्शन नारेबाजी करते हुए भाजपा नेता रमेश विधूडी का पुतला जलाकर विरोध प्रकट किया! कौशांबी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के निर्देश पर छात्र संगठन एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष सैफ मंसूरी के नेतृत्व में भाजपा नेता का पुतला जलाकर महिला विरोधी भाजपा सरकार का विरोध प्रदर्शन कर कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन किया है।

छात्र संगठन एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष अमित द्विवेदी आजाद ने कहा कि भाजपा नेता रमेश विधूडी के द्वारा बोले गए अपमानजनक शब्द जो प्रियंका गांधी के ऊपर जिस तरह का अपमानजनक शब्द बोला गया है इस हम सभी कौशांबी ने छात्र संगठन नेता विरोध करते हैं और रमेश विधूडी जो कि दिल्ली विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी भी हैं उनको यह बताना चाहते हैं कि तुम्हारी औकात गटर के कीड़े के समान है भाजपा सरकार लगातार महिलाओं का छात्रों का युवाओं का अपमान करती आ रही है जिसे हम सभी कौशांबी एनएसयूआई के कार्यकर्ता पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं और जब तक भाजपा नेता को जेल नहीं भेजा जाएगा तब तक यह लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक जारी रहेगी।

कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष सैफ मंसूरी ने कहा कि अपने नेता प्रियंका गांधी का अपमान हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे कौशांबी कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता अपने नेता के सम्मान में सड़क पर उतरेगा और जब तक भाजपा के नेता रमेश विधूडी की गिरफ्तारी नहीं हो जाती है तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी कार्यक्रम में मनजीत कुमार सौरभ कुशवाहा आदिल कैप मंसूरी आदित्य नारायण हितेश यादव रमेश चौधरी उस्मान अली सफीर अहमद, महेंद्र पाण्डेय, करण पासी, संतोष अग्रहरी, विनय द्विवेदी विनोद रैदास लगभग दर्जनों की संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## असन्द्रा पुलिस द्वारा 3 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से कुल 190 राशि गोवंश बरामद





सबसे तेज प्रयागराज
**बाराबंकी। कप्तान** दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर आसींद पुलिस ने 190 राशि गोवंश से बरामद करते हुए तीन आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना असन्द्रा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण सियाराम पुत्र खेता निवासी बंजारो का झोपड़ा बडगांव रानी पुरा बून्दी राजस्थान, अमर सिंह पुत्र रौढ़ीलाल बंजारा व अभियुक्ता अंजू पत्नी अमरसिंह निवासी गुंदारेल थाना कनेरा जनपद चित्तौढ़ राजस्थान को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 190 राशि गोवंश बरामद किया।

## रामनगर पुलिस द्वारा 2 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**बाराबंकी। थाना** रामनगर पुलिस टीम द्वारा एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित 2 वांछित अभियुक्तगण ललित कुमार यादव पुत्र रामचन्दर निवासी ग्राम कॉपफतेहउल्लापुर थाना रामनगर जनपद बाराबंकी, अनूप वर्मा पुत्र हरिश्चन्द्र वर्मा निवासी ग्राम इसरौली सारी थाना कोठी जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

## एएसपी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार परेड की ली गयी सलामी व परेड का किया गया निरीक्षण



सबसे तेज प्रयागराज
**कुशीनगर। अ**पर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई, परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई। इसके उपरांत बैरक , पुलिस आवासीय परिसर, नवनिर्मित पुलिस बैरक आदि का निरीक्षण किया गया तथा उच्च कोटी की साफ-सफाई व मरम्मत आदि कार्य हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए क्वार्टर गार्द की सुरक्षा के संबंध मे गार्द कमांडर को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रुपेश कुमार व पुलिस लाईन के अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहें।

## ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स का आयोजन किया गया

सबसे तेज प्रयागराज
**कौशांबी। नगर** पंचायत दारानगर कड़ाधाम के देवीगंज कस्बे में मंगलवार को ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स के अवसर पर लंगर का आयोजन किया गया।उर्दू चांद के रजब महीने में राजस्थान के अजमेर में ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स का आयोजन होता है। उन्हें मानने वाले उनकी याद में अकीदत व एहतेराम के साथ लंगर का आयोजन करते हैं।इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मोमिन अंसारी की अगुवाई में राहगीरों को गरमागरम काफी का वितरण कर मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी गई।इस मौके पर हसनैन अंसारी, जिया उल्ला, मूलचन्द्र विश्वकर्मा, रामप्रसाद निषाद आदि लोग मौजूद रहे।



# महाकुंभ मेला के दौरान रेलवे ने स्टेशनों पर निरंतर एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु उठाये महत्वपूर्ण कदम

सबसे तेज प्रयागराज
**प्रयागराज। महाकुंभ मेला 2025, जो विश्व के सबसे बड़े** धार्मिक समागमों में से एक है, करोड़ों श्रद्धालुओं के प्रयागराज आने की संभावना है। गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम पर आयोजित होने वाला यह मेला न केवल धार्मिक महत्व का है, बल्कि देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं/पर्यटकों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है ।

भारतीय रेल द्वारा यात्रियों की सुरक्षित, सुविधाजनक और व्यवस्थित के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इस संदर्भ में, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा रेलवे स्टेशनों, अस्थायी शिविरों और मेले के आयोजन स्थल पर निरंतर एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं । इस क्रम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु कुम्भ मेला से सम्बंधित महत्वपूर्ण स्थानों जैसे प्रयागराज, सुबेदारगंज, प्रयागराज छिवकी, नैनी, विन्ध्याचल, भरतकूप, शिवरामपुर, चित्रकूट धाम कर्वी इत्यादि स्थानों पर रेगुलर सप्लाई के साथ साथ ओ एच ई द्वारा ऑक्जीलरी ट्रॉन्सफार्मर को दी जा रही निर्बाध विद्युत आपूर्ति को भी विस्तारित करते हुए दिया गया है जिससे इन स्थानों पर हमेशा विद्युत आपूर्ति बनी रहेगी`

इसके अतिरिक्तनिर्बाध प्रकाश व्यवस्था और बिजली सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए-




स्टेशन प्लेटफॉर्म एवं परिसर में 3000 नग रिचार्जेबल ट्यूबलाइट की व्यवस्था की गई है

उपरोक्त व्यवस्था को बनाये रखने हेतु सभी स्थानों पर 20 नग ऑक्जीलरी ट्रॉन्सफार्मर लगाए गए

स्टेशनों पर 16 नग अतिरिक्त डीजल जनरेटर (डी.जी.) सेट सेवा देने हेतु लगाए गए

14 नग यू पी एस लगाये गए है उपरोक्त व्यवस्थाएं इमरजेंसी परिस्थिति में कार्य करेगी जिससे स्टेशनों पर अँधेरा नहीं होगा एवं यात्रियों का सामान्य रूप से आवागमन बाधित नहीं होगा` किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विद्युत आपूर्ति के सभी महत्वपूर्ण केन्द्रों को चोबीसो घंटो के लिए रेलवे कर्मचारी लगाये गए है, जो कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु निरंतर अपनी पैनी नजर रखेंगे` स्टेशन पर पैदल पुलों एवं सीढियों पर विदुत आपूर्ति हेतु अतिरिक्त कर्मचारियों को भी तैनात किया गया है।

**यात्रियों को विद्युत आघात से सुरक्षा प्रदान के लिए**

934 नग अर्थिंग की जांच की गई जो एक सुरक्षा कवच प्रदान करेगा,

इसके अतिरिक्त 374 स्थानों पर अर्थिंग की थर्मो विजन कैमरा से जांच की गई है

स्टेशनों पर 866 नग आर सी बी ओ लगाये गए है। ये यात्री द्वारा विद्युत आपूर्ति उपकरणों को टच करने की अवस्था में तुरंत ही विद्युत आपूर्ति को बंद कर देगा एवं यात्रियों को विद्युत आघात से सुरक्षा प्रदान करेगा।

सुरक्षा के साथ विद्युत आपूर्ति निरंतर जारी रह सके इसके लिए विद्युत सामान्य विभाग द्वारा निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु विगत कई महीनो से एक ड्राइव चला कर हर एक विद्युत आपूर्ति बिन्दुओ को चिह्नित कर उनके सेफ्टी को जांचा परखा गया है, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके` जैसे-जैसे मेला नजदीक आ रहा है ,

विद्युत सामान्य विभाग की टीम दिन-रात कार्य कर रही है, ताकि श्रद्धालुओं का आध्यात्मिक अनुभव उनकी यात्रा के अनुभव के समान सहज, सरल और निर्बाध हो। भारतीय रेलवे एक बार फिर अपने महत्वपूर्ण भूमिका को निभाते हुए महाकुंभ मेला 2025 के इस विशाल आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# महाकुंभ की सुरक्षा को लेकर कप्तान के नेतृत्व में चला चेकिंग अभियान, कई वाहनों की ली तलाशी





ब्यूरो चीफ
सबसे तेज प्रयागराज
**कौशांबी। महा**कुम्भ-2025 को सुरक्षित एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु समय-समय पर शासन/पुलिस मुख्यालय स्तर से निर्गत निर्देशों के क्रम में बृजेश कुमार श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी एवं समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा समस्त थाना क्षेत्रों में चिन्हित स्थानों पर बैरियर लगाकर सघन चेंकिग अभियान चलाया गया, जिसमें संदिग्ध वाहनों/संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर गहनता से चेकिंग की गयी।

महाकुम्भ पर्व के अवसर पर भारी संख्या में प्रमुख मार्गों से होकर श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया है। श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सकुशल आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कौशाम्बी पुलिस पूर्णतः मुस्तैद है, जिसके क्रम में प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की ड्यूटी लगायी गयी है। श्रद्धालुओं को आवागमन के दौरान कोई असुविधा न हो इसलिए उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति संवेदनशील रहते हुये कौशाम्बी पुलिस द्वारा अपेक्षित तैयारी की गयी है। चेकिंग अभियान के दौरान श्रद्धालुओं की प्रतिष्ठा एवं सम्मान का विशेष ध्यान रखा जा रहा है ताकि चेकिंग से श्रद्धालुगण असहज महसूस न करें अपितु उन्हे सुरक्षा का एहसास हो।



महाकुम्भ-2025 के अवसर पर प्रयागराज में आयोजित मेला क्षेत्र में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जनपद के प्रमुख मार्गों पर पुलिस की पेट्रोल/गस्त पार्टी भी लगायी गयी है जो निरन्तर गस्त एवं पेट्रोलिंग करते हुये संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखे हुए है। इसी क्रम में जनपद कौशाम्बी सीमा के अन्तर्गत गंगा नदी एवं यमुना नदी के रास्ते से अवांछनीय तत्वों के आवागमन को रोकने एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये रिवर पेट्रोल पार्टिया भी लगायी गयी है जो लगातार नाव से रिवर पेट्रोलिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखे हुए है।

जनपद के ग्राम प्रधान, सम्भ्रान्त व्यक्तियों, आम जनमानस एवं मीडिया कर्मियों से सम्पर्क कर कौशाम्बी पुलिस द्वारा बनाये गये व्हाट्सएप चैनल (ङ४३ॅ ढङ्कू) में जोड़कर महाकुम्भ की तैयारियों के बारे में प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है ताकि आम जनमानस/श्रद्धालुओं को पुलिस द्वारा उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं से अवगत होकर लाभ प्राप्त कर सकें। उपरोक्त चैनल में अधिक से अधिक लोगों को जुडने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

## जिलाधिकारी ने की जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक




सबसे तेज प्रयागराज
**कौशांबी। डीएम मधु**सूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने एएनसी रजिस्ट्रेशन की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को गर्भवती महिलाओं की एएनसी चेकअप पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दियें। उन्होंने नियमित टीकाकरण की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि आशा एवं एएनएम के साथ नियमित रूप से बैठक कर टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की जाय तथा आशा एवं एएनएम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाय कि वे अपने बच्चों का टीका अवश्य लगवायें। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि टीम के साथ गॉव-गॉव भ्रमण कर टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण अवश्य करवायें। इसके साथ ही उस गॉव की ऑगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आशा से जरूर मिलें।

जिलाधिकारी ने आर0बी0एस0के0 की टीम सरसवॉ,कड़ा, मूरतगंज एवं नेवादा द्वारा कार्यो में लापरवाही बरतते हुए पाए जाने पर वेतन रोकने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए। इसके साथ ही बी0पी0एम0 कनैली द्वारा भी कार्यो में लापरवाही बरतते हुए पाए जाने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा में तैनात आर0बी0एस0के0 टीम के आयुष चिकित्सक डॉ0 बीरेन्द्र कुमार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगातार अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संविदा समाप्त करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए।

जिलाधिकारी ने सभी आर0बी0एस0के0 टीम को प्रत्येक ग्राम पंचायत मे घर-घर जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ0 भगवान का रूप होता है, किसी भी हॉल में मातृ मृत्यु न होने पाये, इसका अथक प्रयास ईमानदारी के साथ करना चाहिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि प्रसूता को निर्धारित समयावधि 48 घण्टें तक अस्पताल में रोका जाय तथा लाभार्थियों को दी जाने वाली भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकत्रियों द्वारा गर्भवती महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा प्रसव सरकारी अस्पताल में कराये जाने के लिए जागरूक किया जाय।

जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम, पुनरीक्षित क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग कार्यक्रम आदि की भी विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दियें।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार एवं सीएमएस सुनील कुमार शुक्ला, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## दूसरे दिन भी गंगा में डूबे दो लोगों का नहीं लगा सुराग

### गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम लगातार कर रहे हैं सर्च ऑपरेशन

सबसे तेज प्रयागराज
**कौशांबी। कड़ा धाम** के गंगा नदी के तट पर सोमवार को पिता के श्राद्ध कर्म के बाद स्नान करने के दौरान चार लोग नदी में डूब गए थे बताते चलें कि दारानगर के निवासी जेके मिश्रा अपने पिता मनमोहन मिश्रा की मृत्यु पर अपने बेटे शिखर मिश्रा और भाई जय जनार्दन मिश्रा और भतीजे छोटू मिश्रा के साथ श्राद्ध करने के बाद गंगा स्नान करने गए थे स्नान के दौरान चारों लोग डूब गए थे जिनमें दो लोगों को गोताखोरों ने नदी से बाहर निकाल लिया है जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक व्यक्ति अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां इलाज चल रहा है लेकिन दो लोगों का सुराग नहीं लग सका है गंगा नदी में समाए दोनों लोगों की खोज करने के लिए गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम लगातार जाल डालकर गंगा नदी में डूबे लोगों की खोज कर रही है लेकिन घटना को 30 घंटे बीत जाने के बाद भी नदी में डूबे दो लोगों का पता नहीं लग सका है जिससे परिवार के लोग परेशान हैं और तमाम तरह की आशंकाएं जन्म ले रही हैं।

## सोरांव तहसील के अध्यक्ष चुने गए : पंकज यादव



सबसे तेज प्रयागराज
**अजय कुमार**
**होलागढ़/प्रयागराज ।** इलाहाबाद पत्रकार एसोसिएशन की बैठक सोरांव के शिवगढ़ में की गई । बैठक में सोरांव तहसील इकाई का गठन किया गया, जिसमें पंकज यादव को तहसील अध्यक्ष बनाया गया तो एमडी यादव को महामंत्री बनाया गया। संगठन के संरक्षक सुभाष मिश्रा व जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने पत्रकार सुरक्षा हेतु के बारे में चर्चा किया तथा पत्रकारिता जगत के बारे में भी विस्तार से चर्चा किया । इस मौके पर संरक्षक सुभाष चंद्र मिश्रा, जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, पिंटू शुक्ला, विजय पटेल, धीरेंद्र केसरवानी, रमेश यादव, अजय कुमार, राकेश यादव, मोहम्मद हफीज खान, लव गुप्ता, मोहम्मद कयूम सहित आदि लोग रहे।

## मुख्य अभियंता नगरीय विद्युत वितरण प्रयागराज ने किया निरीक्षण

सबसे तेज प्रयागराज
**प्रयागराज। मंगलवार** को मुख्य अभियंता नगरीय विद्युत वितरण प्रयागराज प्रमोद कुमार सिंह द्वारा महाकुंभ में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए अरैल घाट पर किए जा रहे विद्युतीकरण के कार्य का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



# ये जड़ी पूरे शरीर में भर देगी जोश, बस छोटे से टुकड़े को एक कप दूध के साथ लें...अंग-अंग में दौड़ेगी ताकत!



**आयुर्वेदाचार्य की मानें तो, मूसली का सेवन महिलाओं एवं पुरुषों में बदन दर्द, शारीरिक तथा मानसिक दुर्बलता, त्वचा में निखार, पेशाब में जलन तथा रक्तचाप जैसी समस्याओं को बिना किसी साइड इफेक्ट के दूर करता है.**

. सफेद मूसली को मुख्य रूप से शारीरिक क्षमता बढ़ाने वाली जड़ी बूटी के रूप में जाना जाता है. आयुर्वेद के अनुसार यह सर्दियों के लिए काफी अच?छी औषधि है. महिला हो या पुरुष, स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं में इसका सेवन लाभदायक माना जाता है. पिछले 40 वर्षों से कार्यरत पतंजलि आयुर्वेदाचार्य भुवनेश पांडे ने सर्दियों में इसके सेवन तथा उससे होने वाले लाभ पर विशेष जानकारी साझा की है. आयुर्वेदाचार्य की मानें तो, मूसली का सेवन महिलाओं एवं पुरुषों में बदन दर्द, शारीरिक दुर्बलता, त्वचा में निखार, पेशाब में जलन तथा रक्तचाप जैसी समस्याओं को बिना किसी साइड इफेक्ट के दूर करता है.

1000 रुपए प्रति किलो बिकता है सफेद मूसली

बिहार के पश्चिम चम्पारण जिले में सफेद मूसली की खेती बड़े स्तर पर की जाती है. ज़िले के मझौलिया प्रखंड निवासी कृषक रामाशंकर शर्मा बताते हैं कि औषधीय गुणों से भरपूर होने की वजह से अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में इसकी डिमांड खूब होती है. आम दिनों में भी बाजार में इसकी कीमत 1000 रुपए प्रति किलो के आस पास ही होती है. विभिन्न प्रकार की दवाईयों में इसका इस्तेमाल होने की वजह से विशेषकर सर्दियों में इसकी डिमांड बढ़ जाती है.

शरीर के दर्द एवं रक्तचाप को करता है संतुलित

आयुर्वेदाचार्य भुवनेश बताते हैं कि सर्दियों में यदि आपको अक्सर बदन दर्द की शि?कायत रहती है, तो प्रतिदिन सफेद मूसली की जड़ का सेवन फायदेमंद हो सकता है. ठंड की वजह से बढ़ने वाले रक्तचाप तथा गठिया के दर्द रोग में भी यह बेहद लाभकारी होता है.

शारीरिक एवं मानसिक दुर्बलता दूर करने के लिए प्रसिद्ध

दुनिया भर में मूसली का सबसे ज्यादा उपयोग शारीरिक शिथिलता या दुर्बलता को दूर करने वाली आयुर्वेदिक दवाईयों को बनाने में किया जाता है. यदि आप इसके चूर्ण का सेवन आयुर्वेदिक तरीके से करते हैं, तो यह शारीरिक तथा मानसिक दुर्बलताओं को दूर कर नई ऊर्जा के प्रवाह में मदद करता है. सफेद मूसली के इस खास गुण की वजह से दवाई बनाने वाली कम्पनियों में इसकी डिमांड खूब रहती है.

महिलाओं के लिए भी फायदेमंद

पुरुष ही नहीं, महिलाओं के लिए भी मूसली बेहद लाभकारी होती है. यह उम्र के असर को कम कर सुन्दरता बढ़ाने में मददगार साबित होती है. इसके अलावे महिलाओं की अन्य प्रमुख समस्याओं में भी इसका सेवन फायदेमंद होता है.

पेशाब में जलन के लिए लाभकारी

जानकार बताते हैं कि पेशाब में जलन की शिकायत होने पर सफेद मूसली की जड़ को पीसकर यदि इलायची के साथ दूध में उबालकर पिया जाए, तो इससे बेहद लाभ हो सकता हो सकता है. ध्यान देने वाली बात यह है कि दिनभर में 5 ग्राम तक सफेद मूसली का सेवन उत्तम माना जाता है.

# अमेरिका की आतंकी घटनाएं लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता दोनों के लिए गम्भीर खतरा

**देखा जाए तो आतंकवादी निरोधी उपाय करने में पूरी दुनिया कई हिस्सों में बंट चुकी है और सभी गुट प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से एक-दूसरे के खिलाफ आतंकियों को शह दे रहे हैं, जिससे उनकी नृशंस करतूतें बेरोकटोक जारी हैं।**



दुनिया का थानेदार बन चुके अमेरिका में नए वर्ष पर एक के बाद एक हुए तीन आतंकी हमलों से न केवल अमेरिकी नागरिक बल्कि पूरी दुनिया में लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता की चाह रखने वाले लोग भी स्तब्ध हैं! क्योंकि ये घटनाएं लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता दोनों के लिए गम्भीर खतरा बन चुकी हैं। कहना न होगा कि ब्रेक के बाद हुई इन जघन्य आतंकी घटनाओं की पुनरावृत्ति से यह साफ हो चुका है कि आतंकवाद एक लाइलाज मर्ज बन चुका है। इसका माकूल इलाज करने में दुनियावी लोकतांत्रिक सरकारें व उनके मातहत प्रशासन अब तक इसलिए विफल है कि आतंकवाद उन्मूलन को लेकर उसके दोहरे मानदंड हैं। बता दें कि नए साल के जश्न के दौरान न्यू ऑरलियन्स में एक ड्राइवर ने अपना पिकअप ट्रक भीड़ पर चढ़ा दिया और उन पर गोलीबारी भी की। इस प्रकार अमेरिका में नए वर्ष का आरंभ तीन हिंसक हमलों से हुआ। पहला आंतकी हमला न्यू ऑरलियंस में बुधवार तड़के हुआ जिसमें अमेरिका के ही एक भूतपूर्व सैनिक ने जश्न मना रहे लोगों पर तेज रफ्तार पिकअप ट्रक चढ़ा दिया जिसमें मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। वहीं, दूसरी आतंकी वारदात इसके कुछ ही घंटों बाद हुई, जब लास वेगास में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के होटल के बाहर एक टेस्ला साइबर ट्रक में विस्फोट हुआ जिसमें ट्रक में मौजूद व्यक्ति की मौत हो गई और सात घायल हो गए। जांचकर्ता इस विस्फोट की जांच आतंकी घटना के तौर पर ही कर रहे हैं और उन्हें इस घटना एवं न्यू आरलियंस की घटना के बीच लिंक भी मिला है। वहीं, तीसरी आतंकी घटना बुधवार को रात 11.20 बजे घटी। जिसमें न्यूयार्क में क्वीन्स के अमाजुरा नाइटक्लब के बाहर तीन से चार लोगों के समूह ने कम से कम 30 राउंड फायरिंग की। इसमें 16 से 20 आयुवर्ग के लड़के-लड़कियां घायल हुए हैं। किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। इस नाइटक्लब में हुई लक्षित फायरिंग में 11 लोग घायल हो गए।

उल्लेखनीय है कि न्यू ऑरलियंस में हमले को अंजाम देने वाला 42 वर्षीय शमशुद्दीन जब्बार टेक्सास निवासी अमेरिकी नागरिक है, जो अमेरिका सेना में काम कर चुका है। वह साल 2007 में सेना में शामिल हुआ था। वर्ष 2009 से 2010 तक वह अफगानिस्तान में तैनात रहा था। जबकि वर्ष 2020 में उसने स्टाफ सार्जेंट की रैंक पर रहते हुए सेना छोड़ दी थी। उसके ट्रक के पिछले हिस्से से इस्लामिक स्टेट (आईएस) का झंडा मिला है। शुक्र है कि अमेरिकी पुलिस ने तत्काल ही मुठभेड़ में उसे मार गिराया था। अन्यथा वह और कई लोगों की जान ले लेता।

वहीं, एफबीआई का मानना है कि वह अकेला नहीं था बल्कि उसके साथ और भी लोग शामिल थे, जिनकी खोज में पुलिस जुटी हुई है। हैरत की बात है कि जांचकर्ताओं को जब्बार के वाहन से दो पाइप बमों समेत कई आइईडी भी मिली हैं। वहीं, सर्विलांस फुटेज से पता चला है कि तीन पुरुष एवं एक महिला इनमें से एक उपकरण को लगा रहे थे, लेकिन एफबीआई ने इसकी पुष्टि नहीं की। इस हमले के बाद नववर्ष के पहले दिन होने वाला शुगर बाउल गेम स्थगित कर दिया गया। उधर, लास वेगास में ट्रंप होटल के बाहर विस्फोट करने वाले टेस्ला के साइबर ट्रक के पिछले हिस्से में फायरवर्क मोर्टार और गैसोलीन के कनस्तर लदे थे। ब्राजील से लास वेगास आई एक प्रत्यक्षदर्शी अना ब्रूस ने बताया कि उसने तीन विस्फोटों की आवाज सुनी थी। राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां न्यू ऑरलियंस के आतंकी हमले और लास वेगास में ट्रंप इंटरनेशनल होटल के बाहर टेस्ला साइबर ट्रक विस्फोट के बीच किसी भी संभावित कनेक्शन की जांच कर रही हैं। दोनों घटनाओं में इस्तेमाल किए गए वाहन एक कार रेंटल साइट %टुरो% से किराये पर लिए गए थे, जिससे अधिकारियों को दोनों घटनाओं के बीच संबंधों की तलाश करने के लिए प्रेरित किया गया। हम लास वेगास में ट्रंप होटल के बाहर साइबर ट्रक के विस्फोट को ट्रैक कर रहे हैं।सोचने वाली बात तो यह है कि जब अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंफ ने बातों ही बातों में दो टूक कह दिया कि उनके देश में आने वाले अपराधी देश में मौजूद अपराधियों से ज्यादा बुरे हैं, तो उनकी बातों को गम्भीरता से लिए बिना उनका मजाक उड़ाया गया। यदि समय रहते ही अमेरिकी प्रशासन संभल गया होता तो इन घटनाओं को टाला जा सकता था। नववर्ष 2025 जैसे मौके पर वहां ताबड़तोड़ हुई अकल्पनीय हिंसक वारदातें यह जाहिर कर चुकी हैं कि ट्रंफ गलत नहीं थे। वहीं, टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह आतंकवादी कृत्य है। फिर वह विश्वास पूर्वक कहते हैं कि यह आतंकवादी कृत्य है।देखा जाए तो आतंकवादी निरोधी उपाय करने में पूरी दुनिया कई हिस्सों में बंट चुकी है और सभी गुट प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से एक-दूसरे के खिलाफ आतंकियों को शह दे रहे हैं, जिससे उनकी नृशंस करतूतें बेरोकटोक जारी हैं। चाहे अमेरिका हो या इजरायल, फ्रांस हो या जर्मनी, इंग्लैड हो या भारत, सभी देश किसी न किसी रूप में आतंकवादियों/अतिवादियों से जूझ रहे हैं। फिर भी खुले दिल से एक दूसरे का सहयोग नहीं कर पा रहे हैं और सवाल उठने पर अपनी-अपनी राजनयिक मजबूरियों का हवाला देते हैं।

वहीं, दूसरी ओर चाहे चीन हो या रूस, तुर्किये हो या ईरान, पाकिस्तान हो या अफगानिस्तान, बंगलादेश हो या सीरिया, ऑस्ट्रेलिया हो या जापान, दक्षिण अफ्रीकी देश हों या दक्षिण अमेरिकी मुल्क, आतंकवाद निरोधी सबकी प्राथमिकताएं अलग-अलग हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिकियों की देखा-देखी सबने अपने-अपने आतंकियों की फौज पाल ली है, ताकि वो अपना-अपना कारोबारी और राष्ट्रीय हित साध सकें। इसी का फायदा अरब देशों के शांतिप्रिय समुदाय को मिल रहा है। इस स्थिति ने दुनिया में इस्लामिक शासन और सरिया कानून को लागू करने के उनके मंसूबे को साकार कर दिया है। जिस तरह से वे लोग तुर्किये, ईरान और पाकिस्तान आदि की अगुवाई में संगठित होकर कदमताल भरते हुए आगे बढ़ रहे हैं, उससे साफ है कि चरित्र विहीन धर्मनिरपेक्षता देर-सबेर उनकी सांप्रदायिक जिद्द के सामने घुटने टेक ही देगी। अफगानिस्तान उनके लिए रोल मॉडल बन चुका है। बंगलादेश उनके लिए नया प्रयोगशाला बन चुका है। इन जैसे विभिन्न मुल्कों में आतंकियों की सरकारों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अमेरिका और भारत जैसे आतंकवाद पीड़ित देशों का भी समर्थन प्राप्त है, चाहे इन देशों की लाचारी जो भी हो।सच कहूं तो जिस तरीके से इस्लाम परस्त वीर बांकुड़े आतंकी रह-रह कर पूरी दुनिया में अपने नृशंस कारनामें दिखा रहे हैं, एक न एक दिन लोग भयजदा होकर उनकी अधीनता स्वीकार कर ही लें। जहां-तहां ऐसा हो भी रहा है।यही वजह है कि कथित लोकतंत्र की डींगें हांकने वालों और ढपोरशंखी धर्मनिरपेक्षता की शोर मचाने वालों को अब यह समझ में नहीं आ रहा है कि आतंक प्रेमी %शांतिप्रिय समुदाय% की बढ़ती नापाक वैश्विक आतंकी आकांक्षाओं यानी आतंकवाद के दबदबे वाले शासन-प्रशासन के स्वरूप को आखिर थामा कैसे जाए? क्योंकि आतंकवादियों के हौसले बुलंद हैं। चूंकि उनका शुभचिंतक देश पाकिस्तान, ईरान, तुर्किये, कनाडा आदि जैसे हैं। लिहाजा, अब ये भस्मासुर की तरह अमेरिका को ही भस्म करने पर उतारू हैं।

वैसे तो भारत और इजरायल जैसे देश उनके एजेंडे में बहुत पहले से हैं। चूंकि उनके मंसूबे अफगानिस्तान से लेकर बंगलादेश तक में सफल हो चुके हैं, इसलिए उन्हें अब रोक पाना संभव नहीं है। वो देर-सबेर पूरी दुनिया में इस्लामिक हुकूमत और सरिया कानून लागू करवा लेंगे, क्योंकि धर्मनिरपेक्ष लोग उद्देश्य विहीन उपभोग में मस्त हैं। उनका समाजवादी लोकतंत्र, पूंजीवादी चोला ओढ़ चुका है। वह अपने निहित लाभ के लिए तरह-तरह के ÷मानवताद्रोही अर्थव्यवस्था÷ को बढ़ावा दे रहा है। इससे परेशान लोगों द्वारा आतंकवादियों/अतिवादियों/नक्सलियों को मदद मिल रही है। आलम यह है कि आजकल लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता दोनों परस्पर मिलकर हिंसा-प्रतिहिंसा का निर्यात कर रहे हैं और गैर जरूरतमंद देशों को भी इसके आयात के लिए बाध्य करते हैं। शांतिप्रिय समुदाय को यदि जियो और जीने दो का पाठ यह दुनिया नहीं पढ़ा पा रही है तो इसका सीधा मतलब है कि उसे सिर्फ कारोबारी लाभ से वास्ता है, भले ही वह बम-बारूद, कफ़न-ताबूत के कारोबार को ही बढ़ाकर क्यों नहीं हासिल की जाए। यह कड़वा सच है कि अबतक पिछले दरवाजे से दुनिया को आतंकवाद और सुरक्षा उपकरणों का निर्यात करने वाला अमेरिका अब खुद उनकी जद में आता जा रहा है, क्योंकि नाटो विरोधियों से उन्हें आर्थिक व नैतिक मदद मिल रही है।

## संपादकीय

# निशाने पर मुजीब

बांग्लादेश में उग्र छात्र आंदोलन के बाद जो स्थितियां बनी हैं वे न तो इस देश के हित में हैं और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्ष में। जनविद्रोह की स्थितियों के बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के पलायन के बाद लगातार बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु मुजीबुर्रहमान के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है।

जिसकी शुरुआत तब देखने को मिली, जब अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने पिछले साल 16 दिसंबर को बिजॉय दिबोश यानी विजय दिवस के मौके पर दिए गए संबोधन में युवा राष्ट्र के संस्थापक कहे जाने वाले शेख मुजीबुर रहमान का उल्लेख तक नहीं किया। उल्लेखनीय है कि यह दिवस भारत में भी विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन वर्ष 1971 में जहां भारतीय रक्षा बलों के सामने पाकिस्तान की विशाल सेना के आत्मसमर्पण की याद दिलाता है, वहीं बांग्लादेश के दमन व अत्याचार से मुक्ति का भी दिन है। इस संदर्भ में मोहम्मद यूनुस ने जहां अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन को दुनिया के सबसे बुरे निरंकुश शासन के रूप में वर्णित किया, वहीं मुजीबुर्रहमान की पूरी तरह अवहेलना की। निश्चित रूप से यह देश के संस्थापक की उपेक्षा के साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन में आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का भी अपमान है। दरअसल, राजनीतिक दुराग्रह के चलते अंतरिम सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को भले ही मिटा न सके,लेकिन वो इसे कमजोर करने पर जरूर अमादा है। यहां तक कि शैक्षिक पाठ्यक्रम से भी छेड़छाड़ की जा रही है। कहा जा रहा है कि कार्यवाहक सरकार बांग्लादेश के प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों के पाठ्यक्रम में बताएगी कि देश को आजाद कराने में मुजीबुर्रहमान ने नहीं बल्कि जियाउर रहमान ने निर्णायक भूमिका निभाई थी। उन्होंने ही बांग्लादेश को स्वतंत्र करने की घोषणा की थी। इस तरह अराजकता व अल्पसंख्यकों पर हमलों के बीच नये विमर्श गढ़ने की कोशिश की जा रही है।दरअसल, अंतरिम सरकार और कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं।

निश्चित रूप से बांग्लादेश मुक्ति अभियान के दौरान जियाउर रहमान एक सम्मानित सैन्य अधिकारी थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने 1971 के युद्ध में विशिष्टता के साथ सेवाएं दी थी। वे कालांतर बांग्लादेश के राष्ट्रपति भी बने थे। अपदस्थ सरकार के कर्ताधर्ता दलीलें दे रहे हैं कि उनके योगदान को राष्ट्र द्वारा उचित रूप से सम्मान देना चाहिए। लेकिन हकीकत यह भी है कि इसके जरिये मुजीबुर्रहमान के योगदान को कम करने की कोशिशें भी की जा रही हैं। जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार करना अनुचित ही होगा। दरअसल, यह सिर्फ सत्ता के केंद्र में आए व्यक्तियों की बयानबाजी तक ही सीमित नहीं है बल्कि बांग्लादेश में मुजीब के चित्र वाले नोटों को भी चरणबद्ध तरीके से बंद करने की कुत्सित कोशिशें की जा रही हैं।

निश्चित रूप से गलत दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि तमाम निर्णय कहीं न कहीं राजनीतिक दुराग्रहों से प्रेरित हैं। इसके बावजूद कि बांग्लादेश में कार्यवाहक सरकार खुद को बार-बार अराजनीतिक कहने से नहीं चूकती। यहां उल्लेखनीय है कि जियाउर रहमान की विधवा और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया, फिलहाल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी की प्रमुख हैं।

जिसके साथ कार्यवाहक सरकार के मधुर रिश्ते हैं। वहीं सत्ता हासिल करने को बेताब बीएनपी चुनाव में हो रही देरी से भी बेचैन हो रही है। दरअसल, सरकार पर उन छात्र नेताओं का भी बड़ा दबाव है, जिन्होंने शेख हसीना के खिलाफ हुए आंदोलन का नेतृत्व किया था। जिसके बाद शेख हसीना को बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा था। कालांतर उन्होंने भारत में शरण ली थी। असल में, छात्र नेता दबाव बना रहे हैं कि वर्ष 1972 के बांग्लादेश के संविधान को फिर लिखा जाए। वे संविधान को मुजीबिस्ट चार्टर बता रहे हैं। आरोप है कि इसी ने भारत की आक्रामकता का मार्ग प्रशस्त किया। निश्चित रूप से मुजीब विरोधी आख्यान और भारत विरोधी बयानबाजी मिलकर बांग्लादेश की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं पर पानी फेर सकती हैं।

# डॉ. मनमोहन सिंह जैसे नेता चाहिए देश को



एक ओर हम मनमोहन सिंह के निधन के बाद उनके प्रति जनता को अपना दिल उड़ेलते हुए देख सकते हैं। दूसरी ओर, कड़वाहट का मार्ग है जिसमें किसी व्यक्ति को असभ्यता और उंगली की ओर इशारे से नीचे खींचने की हरकत है। यह स्पष्ट सत्य है कि सरकार ने एक स्मारक स्थल का नामकरण करने में देरी की ताकि डॉ. सिंह का अंतिम संस्कार एक सार्वजनिक श्मशान में किया जा सके। अगर उस गलती को स्वीकार कर लिया जाता है तो कोई विवाद नहीं होगा। सरकार इसे अभी भी ठीक कर सकती है।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का पिछले सप्ताह 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। डॉ. मनमोहन सिंह को तहेदिल से दी जा रही श्रद्धांजलि हमें और भी बहुत कुछ बताती हैं। यह उन खास गुणों को सामने ला रही हैं जिन्हें हम सभी लोगों में पसंद करते हैं, खासकर उन लोगों में जिन्हें हम नेता कहते हैं। ये वे गुण हैं जो 2014 में डॉ. सिंह के प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद से सत्ता पक्ष से गायब हो गए हैं।डॉ. सिंह के गुणों में शिष्टता, समझदारी, बोलने का संयमित तरीका, मानवीयता का दृष्टिकोण, सादगी और विनम्रता, लोगों की बात सुनने की भावना और चोट पहुंचा सकने वाले शब्दों का उपयोग करने से दृढ़ इनकार शामिल हैं। किसी का स्पष्ट अपमान करने में हिचकिचाहट और भले ही वह कड़वा सच जो दूर से कठोर लग सकता है, तो ऐसी कड़ी बात से त्वरित वापसी जैसे गुण उनमें थे। इनके अलावा तकनीकी ज्ञान, विशाल अनुभव और विनम्र पृष्ठभूमि के साथ आए उनके असंख्य बोनस गुणों पर विचार नहीं किया गया जिनके बलबूते उन्होंने अपने संघर्षमय जीवन की शुरुआत की।

क्या डॉ. सिंह में कोई कमियां नहीं थीं? निश्चित रूप से थीं। उनके बारे में इतिहास फैसला सुनाएगा और शायद जैसा कि डॉ. सिंह ने स्वयं एक बार कहा था, यह फैसला उन लोगों के दिए फैसले की तुलना में अधिक दयालु होगा जिन्होंने उन पर एक ऐसे प्रतिष्ठान की अध्यक्षता करने का आरोप लगाया है जो अपना रास्ता खो चुका है और जिसके कारण पहली बार, भाजपा सत्ता पर काबिज हो सकी। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में उनके बाद इस पद पर आना विनाशकारी होगा।उन्होंने जनवरी 2014 में कहा- मैं ईमानदारी से मानता हूं कि श्री नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में होना देश के लिए विनाशकारी होगा%। विचार करें कि सिंह ने खुद इसे बाद में एक कठोर टिप्पणी के रूप में देखा और जब 2018 में उनसे मूल टिप्पणी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा =मैंने कहा था कि मोदी प्रधानमंत्री के रूप में एक आपदा होंगे। अब मुझे लगता है कि मैंने एक कठोर शब्द का इस्तेमाल किया था जिसका मुझे इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था। मैं इसे दोहराना नहीं चाहता। लेकिन वह समय दूर नहीं जब बड़े पैमाने पर जनता को मोदी जी द्वारा बनाई गई सार्वजनिक नीति के प्रभाव पर बोलने का मौका मिलेगा। यह बयान सबसे अलग है और शायद इतिहास में भारत के प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के नाम की सबसे शालीन अस्वीकृति में से एक के रूप में अंकित रहेगा।इसकी तुलना उस अशोभनीयता से कीजिए जिसके साथ भाजपा डॉ. सिंह के अंतिम संस्कार को लेकर राजनीति खेल रही थी। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के निधन पर उनके अंतिम संस्कार को लेकर कथित तौर पर कांग्रेस पार्टी के खराब व्यवहार पर एक अनावश्यक विवाद को उठाने की कोशिश की जा रही है। मनमोहन सिंह के बाद के दौर में लगभग हर मुद्दे को सनसनीखेज, %बनावटी% या सांप्रदायिक बनाने की कोशिश की जाती है। नीतियां और योजनाएं अंडर-बेक्ड और नियंत्रण के बाहर हैं।

एक ओर हम मनमोहन सिंह के निधन के बाद उनके प्रति जनता को अपना दिल उड़ेलते हुए देख सकते हैं। दूसरी ओर, कड़वाहट का मार्ग है जिसमें किसी व्यक्ति को असभ्यता और उंगली की ओर इशारे से नीचे खींचने की हरकत है। यह स्पष्ट सत्य है कि सरकार ने एक स्मारक स्थल का नामकरण करने में देरी की ताकि डॉ. सिंह का अंतिम संस्कार एक सार्वजनिक श्मशान में किया जा सके। अगर उस गलती को स्वीकार कर लिया जाता है तो कोई विवाद नहीं होगा। सरकार इसे अभी भी ठीक कर सकती है।

सामान्यत~ यह कहा जाता है कि नेताओं की मौजूदगी होनी चाहिए और अक्सर वे उस विरासत के बारे में चिंतित होते हैं जो वे पीछे छोड़ते हैं। दरअसल यह एक ऐसा सवाल है जिस पर सभी लोगों को अपने जीवन में किसी मौके पर विचार करना ही होता है। रोजमर्रा के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उपयोग किए जाने वाले एक अभ्यास में अक्सर प्रतिभागियों को उनकी मृत्यु की कल्पना करने के लिए कहा जाता है; और फिर वे यह पता लगाने की कोशिश करते हैं कि वे अपने अंतिम संस्कार में क्या पसंद कर सकते हैं। जवाब का ज्यादातर सत्ता, धन, नस्ल, धर्म या जाति से कोई लेना-देना नहीं है। आपको किस लिए याद किया जाएगा? एक ऐसा प्रश्न है जो उन उत्तरों को ट्रिगर करता है जो ज्यादातर सेवा, मानवता और कनेक्शन से संबंधित होते हैं। यह एक्सरसाईज स्टीफन आर. कोवे के बेस्टसेलर (अत्यधिक प्रभावी लोगों की 7 आदतेंकी पुस्तक से है। यह एक्सरसाईज लोगों को उद्देश्य खोजने, अधिक सार्थक रूप से जीने और अपने साथी-सहयोगियों के प्रति देखभाल की समझ विकसित करने में मदद कर सकती है।

जब पर्दा गिरेगा तब तुच्छ और बड़बोलेपन से दूर एक हकीकत सामने आएगी जो एक शाश्वत कहानी है- भव्यता को शालीनता मात देती है, साधारण कुर्ता फैशनेबल कपड़ों को पछाड़ देगा और मेजें थपथपाने, छाती पीटने या एक लाईन की टिप्पणियों के शोर-शराबे में एक छोटा सा काम अपने आप उभरकर सामने आएगा।हम नए साल में कदम रख रहे हैं लेकिन कुछ घटनाएं वैश्विक स्तर पर प्रभावी होती हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता जिमी कार्टर का 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया। कार्टर और 20 जनवरी, 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने वाले डोनाल्ड ट्रम्प के बीच अनोखा विरोधाभास है। इजरायल पर कार्टर की स्पष्ट और सुसंगत नीति, फिलिस्तीनियों के अधिकारों के लिए उनकी लड़ाई या राष्ट्रपति बनने से पहले अमेरिकी लोगों के लिए उनके शब्दों पर विचार करें- अगर मैं कभी आपसे झूठ बोलता हूं, अगर मैं कभी भी भ्रामक बयान देता हूं तो मुझे वोट न दें। तब मैं आपका राष्ट्रपति बनने के लायक नहीं हूं।यह हकीकत है कि कार्टर अगला चुनाव रोनाल्ड रीगन से हार गए। मनमोहन सिंह भी दो कार्यकाल के बाद मोदी से हार गए। दोनों मामलों ने राजनीति का स्वरूप तय किया। फिर भी, उनके जाने के लंबे समय बाद ये नेता लोगों के दिल, दिमाग और इतिहास की किताबों में विजेता के रूप में खड़े होंगे।

# आचार्य नरेंद्र देव छात्रावास में छात्रों ने धूमधाम से मनाया गुरु गोविन्द सिंह की जयंती

**वाराणसी :– महात्मा** गाँधी काशी विद्यापीठ के आचार्य नरेंद्र देव छात्रावास में सोमवार को खालसा पंत के संस्थापक,सिखों के दसवें गुरु,गुरु गोविन्द सिंह के जयंती उत्सव का आयोजन किया गया हैं जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में मुख्य गृहपति प्रो. तेज बहादुर सिंह उपस्थित रहे` प्रो.तेज बहादुर सिंह ने कहा की गुरु गोविन्द सिंह के जीवन से युवाओं को सीखना चाहिए किसी भी परिस्थिति में राष्ट्र,धर्म से सौमझता नहीं करना हैं ` उक्त अवसर पर छात्र नेता शिवम तिवारी ने कहा की गुरु गोविन्द सिंह के चारों पुत्रों को मुगलों ने मरवा दिया छोटी उम्र में भी वह मरना स्वीकार कियें मगर अपने धर्म को नहीं छोड़ा` कार्यक्रम का सफल संचालक छात्रसंघ अध्यक्ष प्रत्याशी आशुतोष तिवारी हर्षित ने करते हुए कहा की गुरु गोविन्द



सिंह का पटना में जन्म हुआ उनके पिता को जब औरंगजेब ने मरवा दिया था तब वह नौ वर्ष के थे उसी समय वह सिखों के दशवे गुरु बने उसके बाद आगे वह खालासा पंत की स्थापना करते हुए उसमे केश,कड़ा, कंघा, कृपाण, कच्छा, अनिवार्य किया`

सिखों ने कभी भी मुगलों के सामने डरे व झुके नहीं अपना सब कुछ बलिदान दें दिया मगर अपना धर्म नहीं छोड़ा,हम सब युवाओं को गुरु गोविन्द सिंह के जीवन से प्रेरणा लेते हुए 2047 में भारत को विश्व गुरु बनाने के लिये हम सब को अपना योगदान देना हैं ` कार्यक्रम मे मुख्य रूप से नयन राय, अनीश पटेल,शिवाकांत पाण्डेय,चिराग त्रिपाठी,सचिन यादव,अतुल उपाध्याय, शास्वत सिंह,सूरज उपाध्याय,हरिओम गुप्ता,अभिषेक कुमार,निशांत सिंह सहित इत्यादि काफी संख्या मे छात्र उपस्थित रहे`

## 5 अवैध देशी बम बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज । थाना** धूमनगंज पुलिस द्वारा मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर 01 अभियुक्त तरुण कुमार उर्फ चुम्मा पुत्र सुदामा निवासी ग्राम रमईपुर हनुमानगंज थाना सराय इनायत हालपता 80बी ताड़बाग थाना धूमनगंज प्रयागराज को नेहरु पार्क से नीवा गांव की तरफ जाने वाला रास्ते थाना क्षेत्र धूमनगंज से गिरफ्तार कर कब्जे से 05 अवैध देशी बम बरामद किये गये।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

**चौकी प्रभारी निखिल कुमार यादव.उ0नि0 प्रदीप कुमार, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।**

## चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने लखनऊ राज्य की राजधानी क्षेत्र एससीआर के उन्नाव में भारत के पहले एआई-संवर्धित भविष्यवादी कैंपस शुरूआत की घोषणा की

**लखनऊ**

**चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी जो भारत** की नंबर 1 प्राइवेट यूनिवर्सिटी है, ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ राज्य की राजधानी क्षेत्र एससीआर के उन्नाव में भारत के पहले एआई-सक्षम, अगली पीढ़ी के भविष्यवादी कैंपस की स्थापना की घोषणा की। यह कैंपस 21 वीं सदी के विद्यार्थियों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एआई-संवर्धित बहु-विषयक शिक्षा प्रदान करेगा। भारत के पहले एआई सिटी लखनऊ एससीआर में स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी का एआई संवर्धित उत्तर प्रदेश कैंपस देश के शिक्षा क्षेत्र में क्रांति लाएगा। यह कैंपस 2025-26 शैक्षणिक सत्र से इंजीनियरिंग, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, हेल्थ और लाइफ साइंसेज, ह्यूमेनिटीज, लिबरल आर्ट्स और लीगल स्टडीज जैसे




छह क्षेत्रों में 43 एआई संवर्धित भविष्यवादी स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रदान करेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने पहले ही उन्नाव में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के एआई सक्षम कैंपस के लिए 'अधिकार पत्र' जारी किया है।

यह जानकारी पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी गई, जहां उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ का वेब पोर्टल और 2025-26 शैक्षणिक सत्र का प्रॉस्पेक्टस लॉन्च किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सतनाम सिंह संधू, कैपजेमिनी के कार्यकारी उपाध्यक्ष मुकेश जैन, सीयू की प्रो-कुलाधिपति प्रोफेसर हिमानी सूद और सीयू के प्रबंध निदेशक जय इंदर सिंह संधू मौजूद थे।

उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश के विकास का प्रमुख इंजन बन गया है।

"अगले पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है, क्योंकि मार्च 2025 तक राज्य का जीडीपी 32 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। यह भारत की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनकर 1.5 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगा। पिछले सात वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था, जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो चुकी है, जो डबल इंजन सरकार का परिणाम है, उन्होंने कहा।

## पुलिस आयुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था एवं तैयारियों का जायजा लेते हुए संत/महात्माओं से शिष्टाचार भेंट किया










**हनुमान प्रसाद शुक्ल**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महा**कुम्भ मेला-2025 के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन के दृष्टिगत मंगलवार को पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा व मण्डलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पंत द्वारा श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन हेतु खुसरो बाग होल्डिंग एरिया, महावीर पाण्टून पुल, महावीर मार्ग, जगदीश मार्ग, अखाड़ा वापसी मार्ग, त्रिवेणी मार्ग व मेला क्षेत्र का भ्रमण/निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं तैयारियों का जायजा लेते हुये विभिन्न अखाड़ों के संत/महात्माओं से शिष्टाचार भेंट कर कुशलक्षेम लिया गया। इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक महाकुम्भ वैभव कृष्ण, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुम्भ , पुलिस अधीक्षक रेलवे अभिषेक यादव, पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पुलिस रेडियो विभाग द्वारा महाकुंभ मेला को लेकर अपनी तैयारी के विषय में किया प्रस्तुतीकरण





**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** मंगलवार को महाकुंभ मेला के परेड स्थित 'रेडियो टेक्निकल ट्रेनिंग एवं ब्रीफिंग सेण्टर' पर 'सीनियर आफिसर्स कम्यूनिकेशन सेन्स्टाइजेशन' का कार्यक्रम पुलिस महानिदेशक दूरसंचार संजय तरडे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक दूरसंचार, अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर , पुलिस आयुक्त तरुण गाबा , पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज रेंज प्रेम कुमार गौतम, मेला अधिकारी विजय किरन आनंद, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ अन्य विभागों से संबंधित उच्चाधिकारीगण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो विभाग द्वारा महाकुंभ मेला को लेकर अपनी तैयारी के विषय में प्रस्तुतीकरण किया गया।

## भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), लखनऊ ने मनाया 78वाँ स्थापना दिवस

**लखनऊ**

**भारतीय मा**नक ब्यूरो (बीआईएस), लखनऊ ब्रांच ऑफिस ने सोमवार को होटल हयात रीजेंसी में धूमधान से अपना 78वीं स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में उद्द्योग जगत, शिक्षाविदों, उपभोक्ता संगठनों और मीडिया के प्रतिनिधियों ने मांग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बीआईएस की उपलब्धियों का उत्सव मनाना और अविष्य की पहलों पर वर्चा करना था। बीआईएस के शाखा प्रमुख श्री सुधीर विश्नोई ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा, बीआईएस, भारत सरकार के उपओक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत एक वैधानिक निकाय है। यह उपभोक्ताओं और उद्द्योगों दोनों के हित में कार्य करता है। गुणवत्ता मानकों को बढ़ावा देने के लिए बीआईएस उत्पाद प्रमाणन,




प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन, हॉलमार्किंग और प्रयोगशाला सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रहा है।" उन्होंने यह भी बताया कि बीआईएस ने हाल के वर्षों में 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन को साकार करने में अपनी भूमिका को और अधिक सशक्त बनाया है।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रिजेश पाठक ने अपने संबोधन में कहा, बीआईएस ने पिछले 78 वर्षों में देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मानकों के निर्माण और उनके अनुपालन ने न केवल उपभोक्ता विश्वास को बढ़ाया है बल्कि उद्द्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में खड़ा किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के विजन को साकार करने में बीआईएस का योगदान अतुलनीय है। मैं उद्द्योग जगत से आग्रह करता हूँ कि वे अपने उत्पादों की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए बीआईएस के मानकों का पूरी तरह पालन करें।

यह न केवल उत्पादों की विश्वसनीयता बढ़ाएगा बल्कि भारतीय उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक नई पहचान देगा।"लखनऊ के जिलाधिकारी श्री सूर्य पाल गंगवार ने कहा, बीआईएस की भूमिका केवल उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उद्द्योगों और उद्द्यमियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पाद तैयार करने में भी मदद करता है। जिला प्रशासन बीआईएस के जागरुकता अभियार्ता का समर्थन करता है और इन्हें ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों तक ले जाने में पूरा सहयोग प्रदान करेगा। मैं बीआईएस के प्रयासों की सराहना करता हूँ, जो पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास लक्ष्यों को बढ़ावा देने के लिए भी सक्रिय रूप से काम कर रहा है।"

## डीसीपी गंगानगर ने रेलवे स्टेशन फाफामऊ व थाना थरवई में पार्किंग, कैम्पिंग व होल्डिंग एरिया का निरीक्षण किया





**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज । मंगलवार को पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत द्वारा सहायक पुलिस** आयुक्त थरवई चंद्र पाल सिंह के साथ महाकुंभ-2025 के सकुशल व निर्विघ्न आयोजन के दृष्टिगत थाना फाफामऊ क्षेत्रान्तर्गत रेलवे स्टेशन फाफामऊ व थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत शिवबाबा में पार्किंग, कैम्पिंग व होल्डिंग एरिया आदि का निरीक्षण किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया ।

## डीसीपी ने संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग किया

**प्रयागराज। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह** गुनावत द्वारा महाकुंभ-2025 के सकुशल व निर्विघ्न आयोजन तथा शान्ति व कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत गश्त कर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग की गई एवं सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## बैरिकेडिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की सघन चेकिंग किया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज । महा**कुंभ-2025 के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन के दृष्टिगत मंगलवार को पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती के कुशल पर्यवेक्षण में नगर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, बाजारों, भीड़भाड़ वाले अन्य सार्वजनिक स्थानों व नगर क्षेत्र में प्रवेश/निकास के समस्त मार्गों की बैरिकेडिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। साथ ही महाकुम्भ मेला क्षेत्र को जाने वाले समस्त मार्गों पर निरन्तर सतर्क दृष्टि रखते हुए गहनता से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।





## डबल डेकर बस की चपेट में आकर ई रिक्शा क्षतिग्रस्त, आठ सवारियां घायल

**बहराइच। जिले** के इमामगंज नहर पुलिया के निकट सोमवार को डबल डेकर बस ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे बस में बैठे आठ यात्री घायल हो गए। महिला यात्री की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है खैरीघाट थाना अंतर्गत इमामगंज बरदहा मोड़ पेट्रोल पंप के पास सोमवार दोपहर डबल डेकर बस ने ई रिक्शा को पीछे से ठोकर मार दी। ई रिक्शा और डबल डेकर बस दोनों ही नानपारा से महसी की तरफ जा रहे थे।हादसे में ई रिक्शा में बैठे शाहिद अली (40) पुत्र आशिक अली, खैरुल्ल (38) पत्नी शाहिद अली निवासी मिठवा थाना राम गांव ,गुड़िया (42) पत्नी इस्लाम, सानिया (22) पुत्री इस्लाम निवासी सोहबतिया कोतवाली नानपारा खातूना, असलम (50) निवासी बरदहा कला खैरीघाट व ई रिक्शा चालक अजमेर अली पुत्र इकराम निवासी अलीनगर कला घायल हो गए।सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर पहुंचाया जहां गुड़िया की हालत ज्यादा खराब होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि बस को कब्जे में ले लिया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम को तहसीलदार ने किया सीज

**बहराइच। अ**वैध रूप से संचालित नर्सिंग होम को तहसीलदार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने सीज कर दिया है। इससे नगर क्षेत्र में संचालित अन्य अवैध नर्सिंग होम संचालकों में हड़कंप मच गया है। जिले के नगर पंचायत मिहीपुरवा में सत्या नर्सिंग होम का संचालन होता है। इस अस्पताल में लगभग 4 माह पूर्व मिहींपुरवा नगर पंचायत के नयापुरवा निवासी एक महिला की प्रसव में लापरवाही के कारण मौत हो गयी थी। जिसको संज्ञान में लेते हुए सीएमओ संजय कुमार नें पत्र जारी करते हुए अवैध संचालित उपरोक्त हॉस्पिटल के स्पष्टीकरण तलब किया था, लेकिन हॉस्पिटल द्वारा उचित जबाब व जरूरी दस्तावेज न उपलब्ध करा पाने के कारण डिप्टी सीएमओ अनुराग वर्मा को नोडल अधिकारी नयुक्त कर हॉस्पिटल पर कार्यवाही के निर्देश दिया गया। लेकिन पुनः हॉस्पिटल संचालक को 7 दिवस का और मौका देते हुए जरूरी दस्तावेज के साथ उपस्थित होने का नोटिस दिया।लेकिन उसके बाद भी कोई उपयुक्त दस्तावेज न होने के कारण सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर मनु शर्मा की देख रेख में मिहींपुरवा में झोला छाप के नोडल डॉ. आर पी सिंह व तहसीलदार अम्बिका चौधरी नें हॉस्पिटल सीज कर दिया है।

## धोखाधड़ी से आहत युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बहराइच।** धोखाधड़ी से आहत एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। ठगों ने दो बिस्वा के बजाय सात बिस्वा का बैनामा करा लिया और एक बिस्वा का भुगतान किया।

कैसरगंज थाना अंतर्गत सराय कनहर गांव निवासी कौशल मिश्रा (25) पुत्र कैलाश नाथ मिश्रा ने सोमवार की सुबह घर में ही फंदा लगाकर जान दे दी।मृतक के भाई मुरली मिश्रा ने बताया कि उसकी बहन की शादी फरवरी माह में है। शादी के लिए मां ने लखनऊ मार्ग स्थित सात बिस्वा जमीन में से दो बिस्वा जमीन बेचने की बात कही इसके लिए जमीन दो बिस्वा बेच दी, लेकिन रजिस्ट्रार ऑफिस में दो बिस्वा की जगह सात बिस्वा जमीन धोखे से दो माह पूर्व बैनामा करवा लिया गया।इसके बाद सिर्फ एक बिस्वा जमीन की कीमत डेढ़ लाख रुपए दिया गया। सोमवार सुबह भाई कौशल मिश्रा रुपए लेने गए तो कुछ सफलता नहीं मिली इससे क्षुब्ध युवक ने घर के अहाते में फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र मिश्रा ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। कैसरगंज थाना क्षेत्र के सराय कनहर गांव निवासी मुरली मिश्रा ने बताया कि गांव निवासी अनिल और जगमोहन ने उसकी मां से स्टाम्प पेपर पर दो बिस्वा की जगह सात बिस्वा की जमीन पर हस्ताक्षर करवा लिया। इतना ही नहीं बाद में सभी जमीन का बैनामा भी करवा लिया जानकारी होने पर रुपए भी सात बिस्वा का नहीं दे रहे हैं। जमीन डामर सड़क से जुड़ा होने के कारण काफी कीमती है।

## ठंड में कर्त्तव्य पालन के लिए केडीसी के शिक्षक राजेश शर्मा को मिला सम्मान

**बहराइच।** किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्वायत्तशासी संस्था में इस समय सेमेस्टर परीक्षाएं चल रही हैं। इस भीषण ठंड में सुबह की पाली की परीक्षा में ड्यूटी करना चुनौती भरा कार्य है।इस ठंडक में ड्यूटी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने वाले शिक्षक वाणिज्य विभाग के डीन डॉ. राजेश कुमार शर्मा को सहायक केंद्राध्यक्षों डॉ.प्रमोद कुमार और डॉ.सतीश सिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.मनोज कुमार यादव,डॉ. सत्यभूषण सिंह,डॉ.अनूप कुमार शर्मा उपस्थित थे



## युवा सशक्तिकरण संस्थान को मिला नया युवा अध्यक्ष, विधिक सलाहकार. डॉक्टर एवं प्रोफेसर्स कॉलोनी का हुआ शुभारंभ

**लखनऊ**

आज युवा सशक्तिकरण संस्थान का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें संस्था की प्रबंध निदेशक श्रीमती फरजाना खान ने योगेश श्रीवास्तव को युवा अध्यक्ष, अजीत भदोरिया को विधिक सलाहकार और रिजवाना खान को कार्यालय प्रभारी नियुक्त करते हुए नियुक्ति पत्र वितरित किया. इस दौरान सहयोगी संस्था एंजेल हाउसिंग ग्रुप ने लखनऊ की प्रथम डॉक्टर कॉलोनी एवं प्रोफेसर्स कॉलोनी लॉन्च की लॉन्चिंग की. इस आयोजन में युवा सशक्तिकरण संस्थान के नए पदाधिकारियों ने शपथ भी ली इस अवसर पर युवा सशक्तिकरण संस्थान की प्रबंध निदेशक फरजाना खान ने कहा की युवा सशक्तिकरण संस्थान परक सहायता एवं विकास हेतु विभिन्न परियोजनाओं को पर कार्य कर रहा है।

# पर्यटन का खास मुकाम डल झील



डल झील श्रीनगर, कश्मीर में तो प्रसिद्ध है ही लेकिन दुनिया भर के सैलानियों के लिए भी यह पर्यटन का एक खास मुकाम है। कहा जाता है कि इसमें स्त्रोतों से जल आता है एवं यह झाल खुद ही कश्मीर घाटी में काफी झीलों से जुड़ी हुई है।

यह दुनिया भर में शिकारों या हाऊस बोट के लिए जानी जाती है और सैलानी खासतौर पर इनका आनंद लेने के लिए यहां आते हैं। यह 18 किलोमीटर क्षेत्र में फैली हुई है। तीन दिशाओं से पहाड़ियों से घिरी डल झील जम्मू कश्मीर की दूसरी सबसे बड़ी झील मानी जाती है और भारत की सबसे सुंदर झीलों में इसे शामिल किया जाता है। पर्यटक जम्मू-कश्मीर आएं और डल झील देखने न जाएं ऐसा हो ही नहीं सकता।

डल झील के पास ही मुगलों के सुंदर एवं प्रसिद्ध पुष्प वाटिका से झील की आकृति और उभरकर सामने आती है। मुख्य रूप से इस झील में मछली का काम होता है। डल झील के मुख्य आकर्षण का केंद्र हैं यहां के हाउसबोट। सैलानी इन हाउसबोटों में रहकर इस खूबसूरत झील का आनंद उठा सकते हैं।

झील, कश्मीर की घाटियों की अन्य धाराओं के साथ मिल जाती है। झील के चार जलाशय हैं गगरीबल, लोकुट डल, बोड डल तथा नागिन। लोकट डल के मध्य में रूप लंक द्वीप स्थित है, तथा बोड डल जलधारा के मध्य में सोना लंक स्थित है। वनस्पति डल झील की खूबसूरती को और निखार देती है। कमल के फूल, पानी में बहती कुमुदनी, झील की सुंदरता को दुगुना कर देती है।

सैलानियों के लिए झील के सौंदर्य के अलावा भी विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के साधन यहां पर उपलब्ध हैं। जैसे कि कायाकिंग, केनोइंग डोंगी पानी पर सर्फिंग करना व ऐंगलिंग मछली पकड़ना आदि से सफर और ज्यादा रोमांचक हो जाता है। कश्मीर के प्रसिद्ध विश्वविद्यालय झील के तट पर स्थित है। हाउसबोट में रहकर सैलानी इस झील के खूबसूरत वातावरण से भावविभोर हो जाते हैं।

शिकारे के माध्यम से सैलानी नेहरूपार्क, कानुटूर खाना, चारचिनारी, कुछ द्वीप जो यहां पर स्थित हैं, उन्हें देख सकते हैं। श्रद्धालुओं के लिए हजरतबल तीर्थस्थल के दर्शन करे बिना उनकी यात्रा अधूरी रह जाती है। शिकारे के माध्यम से श्रद्धालु इस तीर्थस्थल के दर्शन कर सकते हैं। एक शिकारे पर सवार होकर विभिन्न प्रकार की कश्मीरी चीजें भी खरीद सकते हैं और दुकानें भी शिकारे पर ही लगी होती हैं। यह मात्र खरीददार तक ही सीमित नहीं है, परन्तु एक रोमांचित कर देने वाला खेल भी होगा।



**कैसे जाएंः** यदि पर्यटक डल झील पहुंचना चाहते हैं, तो श्रीनगर जिले से 25 किलोमीटर की दूरी पर बडगाम जिले में स्थित एयरपोर्ट पर पहुंच सकते हैं। नजदीक रेल सेवा जम्मू में स्थित है, तथा वहां का नेशनल हाईवे एनएचए कश्मीर घाटी को देश के अन्य भागों से जाड़ता है। इन पहाड़ी इलाकों पर यात्रा करने के लिए दस से बारह घंटे लगते हैं। इस सफर के दौरान पर्यटक यहां के प्रसिद्ध जवाहर टनल को निहार सकते हैं।

# धर्मशाला में उठायें बर्फली पहाड़ियों का रोमांच




पहाड़ियों में चीड़ व देवधर के घने जंगलों और बर्फ को करीब से देखने का अनुभव धर्मशाला में मिलता है। यहां सीधे-सादे और बौध धर्म के बिरले चिन्ह भी यहां आसानी से देखने को मिलते हैं। धर्मशाला में झरने व सुहाने नजारे इस जगह को सभी की पसंद बनाते हैं। हालांकि अब यहां तिब्बत के लोग ज्यादा रहते हैं, लेकिन ब्रिटिश काल का प्रभाव इस छोटे शहर पर आज भी महसूस किया जा रहा है।

खूबसूरत पहाड़ी शहर धर्मशाला को यूं तो अंग्रेजों ने बसाया था, लेकिन अब तिब्बतियों की संख्या ज्यादा होने से इस पर वहां के कल्चर का इतना प्रभाव पड़ा है कि इसे लिटल ल्हासा के नाम से जाना जाता है। हिमाचल प्रदेश में धौलाधर की पहाड़ियों में बसा धर्मशाला देश-विदेश के सैलानियों का पसंदीदा हिल स्टेशन है। इसे साल 1855 में अंग्रेज ने इसे बसाया था। दरअसल, यह उन 80 रिजॉर्ट्स में से था, जिन्हें अंग्रेजों ने गर्मी से बचने के लिए तैयार करवाया था।

गद्दी, तिब्बती, टेकर्स, टूरिस्ट और लोकल वेंडर्स, सब मिलकर निचले धर्मशाला यानी कोतवाली बाजार में एक अलग ही माहौल बनाते हैं। यह जगह समुद्र तल से 1250 मीटर की ऊंचाई पर है। लोगों का खूब आना-जाना होने की वजह से यहां खासी हलचल रहती है। समुद्र तल से 1768 मीटर की ऊंचाई पर बसे ऊपरी धर्मशाला यानी मैकलॉडगंज में दलाई लामा का निवास है। दोनों जगह की दूरी 10 किलोमीटर है। जहां तक घूमने की बात है, तो धर्मशाला में आपको अडवेंचरस व स्प्रिचुअल माहौल मिलेगा। ठंडी पहाड़ी हवाओं में गूंजती प्रार्थनाओं की आवाजें मन को एक ठहराव देती हैं। ऐसे में बेशक धर्मशाला जाना दलाई लामा से मुलाकात के बिना अधूरा है और यकीन मानिए इस माहौल में उनका साथ किसी भी इंसान को कुछ देर के लिए एक अलग ही दुनिया में ले जाता है। वैसे,धर्मशाला की तमाम मोनेस्ट्रीज एक बार देखने लायक जरूर है और अलग-अलग समाधियों में भगवान बुद्ध की तांबे की प्रतिमाएं भी दर्शनीय हैं। अब जब इतना कुछ एक ही जगह पर मौजूद है तो देश-विदेश के पर्यटकों का सहज ही धर्मशाला की ओर खिंचे आना हैरानी की बात नहीं है। अगर आप मेडिटेशन करते हैं तो यहां के तुशिता मेडिटेशन सेंटर में मोंक्स द्वारा दी जाने वाली क्लासेज जॉइन

**धौलधार की पहाड़ियों में ट्रैकिंग व रॉक क्लााइबिंग जाने के लिए धर्मशाला शुरूआती पॉइंट है। यहां कई नदियों व झरनों में एंगलिंग व फिशिंग का मजा लिया जा सकता है। यहां का नजदीकी एयरपोर्ट गगला है, जिसकी यहां से दूरी 13 किलोमीटर है।**

की जा सकती है। यहां आपको साफ-सुथरे आवास की सुविधा भी मिलेगी। मेडिटेशन सीखने के बाद नेचुंग मोनेस्ट्री में 3किलोमीटर बना म्यूजियम देख सकते हैं। नोबरलिंगा इंस्टीट्यूट में आप नए आर्टिस्ट्स को थंगका पेंटिंग्स सीखते देख सकते हैं। अगर आप दाल, चावल, रोटी और सैंडविच खाकर बोर हो गए हैं तो यहां आप बेहतरीन तिब्बती खाने का मजा ले सकते हैं।

यहां के कई रेस्तरांओं में आपको लजीज मोमोज व थुक्पा खाने को मिलेंगे। खाने का लुत्फ लेने के बाद आप लंबी वॉक, ट्रेकिंग और खूबसूरत नजारों में पिकनिक का मजा ले सकते हैं। यहां से 8 किलोमीटर आगे आपको ब्रिटिश राज का मेमोरियल चर्च ऑफ सेंट जॉन-इन-द विल्डरनेस देख सकते हैं। इसे ब्रिटिश वायसरॉय लॉर्ड एलगिन के नाम पर बनाया गया है। निचले धर्मशाला में बना कांगड़ा आर्ट म्यूजियम कांगड़ा के सालों पुराने इतिहास को दिखाता है।

म्यूजियम की एक गैलरी में आपको कांगड़ा की मशहूर पेंटिंग्स, स्कल्पचर्स, मिट्टी के बर्तन और एंथ्रोपॉलजी से जुड़ी तमाम चीजें देखने को मिलेंगी। धर्मशाला के एंट्री पॉइंट पर आपको एक वॉर मेमोरियल देखने को मिलेगा, जिसे स्वतंत्रता की लड़ाई में शहीद होने वाले जवानों की याद में बनवाया गया है। धर्मशाला में धर्मकोट व डल लेक जैसे पिकनिक स्पॉट्स भी हैं और यहां सितंबर के महीने में हर साल एक बड़ा मेला भी लगता है।

इसी के पास भगसुनाथ की श्राइन भी है। इस पुराने मंदिर के पास से बहते ताजे पानी से झरने इस जगह को एक अलौकिक नजारा बना देतो हैं। देवी कुणान पथरी को समर्पित मंदिर, ततवानी के गर्म पानी के झरने और मछरैल के बड़े वॉटरफॉल भी देखने लायक जगहें हैं। अगर वुड वर्क में दिलचस्पी रखते हैं तो नॉरबुलिंका इंस्टीट्यूट जरूर जाएं। यहां हो रहे काम की आर्ट को देखकर निश्चित तौर पर आप हैरान रह जाएंगे। स्वामी चिन्मानंद द्वारा बनाया गया चिन्मय तपोवन भी एक दर्शनीय जगह है। बिंदु सारस के किनारे बसे इस आश्रम में आपको नौ मीटर ऊंची हनुमान जी की मूर्ति, राम मंदिर, मेडिटेशन हॉल वगैरह दिखेंगे।

धौलधार की पहाड़ियों में ट्रैकिंग व रॉक क्लााइबिंग जाने के लिए धर्मशाला शुरूआती पॉइंट है। यहां कई नदियों व झरनों में एंगलिंग व फिशिंग का मजा लिया जा सकता है। यहां का नजदीकी एयरपोर्ट गगला है, जिसकी यहां से दूरी 13 किलोमीटर है। यहां से नजदीकी रेलवे स्टेशन पठानकोट है, जहां से धर्मशाला 85 किलोमीटर की दूरी पर है। सड़क मार्ग से यहां चंडीगढ़, कीरतपुर और बिलासपुर होते हुए पहुंचा जा सकता है। तिब्बती नए साल यानी मार्च के आस-पास यहां बहुत टूरिस्ट आते हैं। वैसे, मई से अक्टूबर के बीच ट्रैकिंग सीजन रहता है। धर्मशाला में हैंडीक्राफ्ट मसलन तिब्बती कार्पेट, टेक्स्टाइल, ट्रडिशनल, हैट्स, बैग्स, ट्राउजर्स, मेटलवर्क, जूलरी, जैकेट व हाथ से बने कार्डिगन आदि के शौकीनों के लिए ढेर सारी जगहें हैं।



# सीएम आतिशी ने किराड़ी में नवनिर्मित सरकारी स्कूल का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली**

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने किराड़ी विधानसभा क्षेत्र के प्रेम नगर में एक सरकारी स्कूल का उद्घाटन किया। इस स्कूल में बने 72 कमरों में से 37 में क्लासेज चलेंगी और 8 रूम में हाईटेक लैब्स हैं। इसके अलावा, लाइब्रेरी और लिफ्ट समेत तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि किराड़ी का इलाका एक ऐसा इलाका है, जिसे एक समय में बहुत पिछड़ा माना जाता था। यहां पूर्वांचल से आए हमारे भाई-बहन कच्ची कालोनियों में रहते थे। यहां सड़क, सीवर और पानी का इंतजाम और स्कूल नहीं होते थे। दस साल पहले इस इलाके का यही हाल था। आज जब हम इस शानदार सरकारी नई स्कूल बिल्डिंग का उद्घाटन कर रहे हैं तो यह दिख रहा है कि प्रेम नगर का इलाका उस पिछड़े और कच्ची कालोनी के दौर से निकल कर एक आधुनिक दौर में जा रहा है। हमारे बच्चों को अच्छा भविष्य और अच्छी पढ़ाई-लिखाई देने के दौर में जा रहा है। उन्होंने कहा कि इतनी शानदार बिल्डिंग आज इस इलाके के किसी प्राइवेट स्कूल की भी नहीं है। आज दिल्ली के इस 72 कमरों के सरकारी स्कूल में दिल्लीवासियों के बच्चों को लैब और लाइब्रेरी मिलेगी। मैंने तो प्राइवेट स्कूल में भी इतनी सुविधाएं नहीं देखी है लेकिन हमारे बच्चों को दिल्ली के इस शानदार सरकारी स्कूल में लिफ्ट भी मिलेगी। 2015-16 के दौर में जब मैं किराड़ी विधानसभा आती थी तो मुझे यहां के स्थानीय विधायक ऋतुराज झा बताते थे कि किराड़ी विधानसभा के सारे स्कूल निठारी के इलाके में हैं। बाकी किसी भी वॉर्ड में हमारे बच्चों के पढ़ने के पढ़ने के लिए स्कूल नहीं है। बच्चों को पढ़ाई-लिखाई के लिए रेलवे लाइन पार करके मुंडका, पश्चिम विहार, नांगलोई और निठारी जाना पड़ता था। मैं विधायक ऋतुराज झा और किराड़ी के लोगों को बधाई देती हूं कि उन्होंने संघर्ष करके कोर्ट तक लड़ाई लड़कर डीडीए से यह जमीन ली और आज प्रेम नगर के लोगों को एक शानदार स्कूल बिल्डिंग समर्पित हो रही है। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली देश का इकलौता ऐसा राज्य है, जहां पर बच्चे प्राइवेट स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूलों में एडमिशन ले रहे हैं। ऐसा देश के किसी भी राज्य में नहीं हो रहा है, जो आज अरविंद केजरीवाल के मार्ग दर्शन में दिल्ली में हो रहा है। हमारे प्रेम नगर के इलाके में रहने वाले ज्यादातर लोग पूर्वांचल से आते हैं। कोई अपना गांव-घर छोड़कर इसी उम्मीद में आता है कि हमारे बच्चों को हमसे बेहतर जिंदगी और अवसर मिल पाए। अगर हमारे पूर्वांचली भाइयों-बहनों की इस आशा और सपने को सिर्फ अरविंद केजरीवाल ने समझा है, जिन्होंने हमारे बच्चों को बेहतर भविष्य देने का काम किया है। उल्लेखनीय है कि यह दो शिफ्टों में चलने वाला सरकारी स्कूल है। यहां पर प्रेम नगर की 10-12 कॉलोनियों के बच्चे पढने के लिए दाखिला ले सकेंगे। लड़कियों के लिए साइंस स्ट्रीम भी उपलब्ध है।

## यूनियन कार्बाइड के खतरनाक कचरे को जलाने पर रोक संबंधी मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने भोपाल के यूनियन कार्बाइड के खतरनाक कचरे को मध्यप्रदेश के पीथमपुर में जलाने पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को सुझाव दिया कि आप मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ओर से इस मामले में दिए गए आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर सकते हैं या मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में लंबित मामले में अपनी बात रखें। याचिका इंदौर निवासी चिन्मय मिश्रा ने दाखिल किया था। याचिका में कहा गया था यूनियन कार्बाइड के कचरे को जलाने के मामले पर इलाके के लोगों से सलाह नहीं ली गई थी। याचिका में आशंका जताई गई थी कि अगर ये कचरा पीथमपुर में जलाया गया तो वहां के लोगों को रेडिएशन का खतरा हो सकता है। अगर रेडिएशन फैलता है तो उससे प्रभावित लोगों की चिकित्सा की सुविधा भी इस इलाके में नहीं है।

यूनियन कार्बाइड फैक्टरी से 02 और 03 दिसंबर 1984 की मध्यरात्रि को जहरीली मिथाइल आइसोसायनेट गैस का रिसाव हुआ था, जिसमें तीन हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और एक लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए थे। 03 दिसंबर 2024 को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने यूनियन कार्बाइड का कचरा भोपाल से डिस्पोजल साइट पर पहुंचाने का आदेश दिया था।

# नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में वोटों की गड़बड़ी: आतिशी

**नई दिल्ली**

**दिल्ली की** मुख्यमंत्री आतिशी ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वोटों का गड़बड़ी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में हजारों वोटों को काटने और जोड़ने की साजिश हो रही है। मुख्यमंत्री आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र, जहां लगभग एक लाख मतदाता हैं, वहां की वोटर लिस्ट की समरी रिवीजन प्रक्रिया के बाद 15 दिसंबर से 2 जनवरी के बीच 10,500 नए वोट जोड़ने और 6,167 वोट काटने के आवेदन आए। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि मात्र 84 लोगों ने 4,283 वोट काटने के आवेदन



दिए। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि इनमें से कई ऑब्जेक्टरों को चुनाव आयोग ने सुनवाई के लिए बुलाया तो सभी ने कहा कि उन्होंने ऐसी कोई एप्लीकेशन नहीं दी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि यह साफ इशारा करता है कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में बड़े स्तर पर वोटरलिस्ट में गड़बड़ी हो रही है। वोट काटने के लिए फर्जी पहचान का इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में चुनाव आयोग की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। सभी सबूत सामने हैं, इसके बावजूद अब तक जांच क्यों नहीं शुरू हुई? उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार हमारे लोकतंत्र और संविधान में बाबा साहेब आंबेडकर ने देश के हर नागरिक को दिया है। अब वोटरलिस्ट रिवीजन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है।

उन्होंने निर्वाचन आयोग की भूमिका को भी संदेहास्पद करार दिया। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने और नाम हटाने के नाम पर जो व्यापक धांधली की गई है, उस पर फौरन रोक लगनी चाहिए।

हमने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र

## सर सैयद अहमद खान को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**नई दिल्ली**

**उर्दू डेवलपमेंट** आर्गनाइजेशन (यूडीओ) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर देश के जाने-माने समाज सुधारक, शिक्षाविद एवं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक सर सैयद अहमद खान को देश का सबसे सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान करने की मांग की है। यूडीओ अध्यक्ष डॉ. सैयद अहमद खान ने कहा कि केंद्र सरकार महान शिक्षाविद एवं बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के संस्थापक पंडित मदन मोहन मालवीय को दिसम्बर 2015 में भारत रत्न से सम्मानित कर चुकी है। पंडित मालवीय और सर सैयद ने हमारे देश के निर्माण और समाज के सुधार के लिए जो कार्य किया है, वह इसके हकदार हैं। पंडित मालवीय को उनका हक मिल गया है मगर सर सैयद को अभी तक यह सम्मान मिलने का इंतजार किया जा रहा है। डॉ. खान ने कहा कि सर सैयद अहमद खान का योगदान देश की प्रगति में अमिट है। जैसे कि पंडित मालवीय को उनके शैक्षिक योगदान और स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया गया, उसी प्रकार सर सैयद अहमद खान भी इस सम्मान के लिए अत्यंत योग्य हैं।

पंडित मदन मोहन मालवीय को मरणोपरांत वर्ष 2015 में भारत रत्न दिया गया था। उन्होंने वर्ष 1916 में बीएचयू की स्थापना की थी, जो आज भी देश के सबसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में से एक है। उनके प्रयासों ने भारतीय समाज में शिक्षा और सामाजिक जागरुकता को एक नई दिशा दी। उसी तरह सर सैयद अहमद खान ने वर्ष 1875 में मोहम्मडन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज (जो आगे चलकर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय बना) की स्थापना की। यह संस्थान न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि सामाजिक सुधार और धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक भी है। सर सैयद ने उस दौर में शिक्षा का प्रचार किया जब भारतीय समाज में अज्ञानता और भेदभाव अपने चरम पर थी।

# स्मृति ईरानी ने व्यापारियों से उत्पादकता और अनुपालन पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया

### कैट ने हिंदुस्तान यूनिलीवर की अनुचित वितरण नीतियों की कड़ी आलोचना की, 72 घंटे का दिया अल्टीमेटम




**नई दिल्ली**

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की सलाहकार और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को व्यापारिक समुदाय से उत्पादकता और नियामक अनुपालन को प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। इस बैठक में देशभर के विभिन्न राज्यों के 150 से अधिक प्रमुख व्यापारिक नेताओं ने भाग लिया। स्मृति ईरानी ने राजधानी नई दिल्ली में कैट के दो दिवसीय राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की बैठक के उद्घाटन के अवसर पर अपने संबोधन में यह बात कही। व्यापारियों को सबोधित करते हुए ईरानी ने कहा कि सरकार देश की आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करने वाले किसी भी प्रयास को सहन नहीं करेगी। चाहे वह ई-कॉमर्स हो, क्विक कॉमर्स हो या कोई अन्य माध्यम। यदि वे स्थापित नियमों का उल्लंघन करते हैं, अथावा छोटे व्यापारियों का शोषण करते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने अपने संबोधन में हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) की आक्रामक और एकाधिकारवादी वितरण नीतियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने पुराने वितरकों को हटाकर सीधे खुदरा विक्रेताओं से जुड़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने इसे भारत की पारंपरिक वितरण प्रणाली पर हमला और लाखों व्यापारियों की आजीविका के लिए सीधा खतरा बताया। सांसद खंडेलवाल ने कहा कि कैट ने बैठक में हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) को देश की आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करने से रोकने के लिए सख्त चेतावनी जारी की है।

# शीश महल पर कैग की रिपोर्ट के खुलासे से आप डर गई : विजेंद्र गुप्ता



**नई दिल्ली**

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी द्वारा पत्रकार वार्ता नई दिल्ली में भाजपा पर पांच हजार वोट कटवाने और दस हजार वोट जुड़वाने के आरोप की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आतिशी अपनी नाकामियों और भ्रष्टाचार को छुपाने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अब आतिशी को पता चल चुका है कि उनकी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल अपने क्षेत्र में चुनाव हारने वाले हैं, इसीलिए उन्होंने अपना विक्टिम कार्ड खेलना शुरू कर दिया है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि शीश महल के बारे में कैग की रिपोर्ट में बेतहाशा खर्च का खुलासा होने के बाद आम आदमी पार्टी (आआपा) अब बौखला गई है और बैकफुट पर आ गई है, इसीलिए वोटर्स लिस्ट में हेराफेरी का आरोप भाजपा पर लगाकर शीश महल से लोगों का ध्यान हटाने की कोशिश की जा रही हैं। गुप्ता ने आतिशी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ नई दिल्ली विधानसभा सीट में ही, जहां से अरविंद केजरीवाल चुनाव लड़ रहे हैं, वोटर्स लिस्ट में गड़बड़ी का अंदेशा जताया, और दिल्ली के अन्य विधानसभा सीटों पर एक भी शब्द नहीं बोला। इसी से यह जाहिर हो रहा है कि आम आदमी पार्टी अपने मुखिया अरविंद केजरीवाल की हार को अभी से भांप चुकी है। गुप्ता ने कहा कि इलेक्टोरल रोल में हर साल अनेक नए वोटर्स जोड़े जाते हैं जो या तो 18 वर्ष के हो चुके हैं या फिर किसी एक विधानसभा क्षेत्र से दूसरे विधानसभा क्षेत्र में शिफ्ट हुए हैं। इसलिए ऐसे लोगों के नाम वोटर्स लिस्ट में जोड़े या हटाये जाते हैं, जो कि एक सामान्य प्रक्रिया है और इसे 'समरी रिवीजन' कहा जाता है। ये सारी प्रक्रिया चुनाव आयोग के कर्मचारियों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में की जाती है। इसलिए आतिशी के आरोप में कोई दम नहीं है। उन्होंने कहा कि आतिशी के इस बयान से ये निश्चित हो गया है कि दिल्ली से आम आदमी पार्टी की सत्ता अब चंद दिनों की ही रह गई है और अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने वाली है।

## एनडीएमसी ने नशीली दवाओं के खतरे, साइबर सुरक्षा, फर्जी कॉल के बारे में जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

**नई दिल्ली**

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने दिल्ली पुलिस के साथ सोमवार को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में स्कूली शिक्षकों के लिए नशीली दवाओं के खतरे, साइबर सुरक्षा, फर्जी कॉल के खतरों और स्कूलों में सामान्य सुरक्षा के बारे में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम सुरक्षा संकल्प- 'बेहतर कल की ओर एक कदम' की थीम के तहत आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में एनडीएमसी विद्यालयों के 350 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने स्कूलों में नशीली दवाओं के खतरे, साइबर सुरक्षा और फर्जी कॉल के खतरों को रोकने के लिए छात्रों तक जागरूकता के संदेश फैलाने के लिए शिक्षकों को संवेदनशील बनाने के लिए इस प्रकार के जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए दिल्ली पुलिस को धन्यवाद दिया।



**संरक्षक:** संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

**सलाहकार संपादक:** रिजवान सैफ खान

**सह सपांदक:** मोहम्मद दानिश फारुकी ,

**सह संपादक:** राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

# प्रियंका पर अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में रमेश बिधूड़ी के घर के बाहर प्रदर्शन




**नई दिल्ली**

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) नेता रमेश बिधूड़ी द्वारा कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के बारे में अशोभनीय टिप्पणी करने के विरोध में आज दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा नेता के खिलाफ नारेबाजी की और उनका टिकट रद्द किए जाने की मांग की। दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने यहां सोमवार को भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के बारे में विधूड़ी द्वारा की गई टिप्पणी का विरोध कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं। उन्होंने रमेश बिधूड़ी के खिलाफ नारेबाजी की सेंट्रल दिल्ली में बिधूड़ी के घर के बाहर लगी नेमप्लेट पर काला पेंट छिड़क दिया। प्रदर्शनकारियों ने बिधूड़ी के घर के मुख्य द्वार पर काले रंग से "महिला विरोधी" भी लिख दिया। लाकड़ा ने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा के बारे में बिधूड़ी द्वारा की गई टिप्पणी पूरी तरह से अस्वीकार्य है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बिधूड़ी का अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने और असभ्य व्यवहार करने का इतिहास रहा है।

## आप को विधानसभा चुनाव में हारने का डर सता रहा: भाजपा




**नई दिल्ली**

**दिल्ली भाजपा** के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज कहा कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र को लेकर आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेताओं और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी की पत्रकार वार्ता से साफ हो गया है कि आआपा को विधानसभा में हारने का डर सता रहा है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने एक बयान में कहा कि आज जिस बौखलाहट में मुख्यमंत्री आतिशी और सांसद संजय सिंह एवं राघव चड्ढा ने नई दिल्ली क्षेत्र को लेकर पत्रकार वार्ता की, उससे यह स्थापित हो गया है कि अरविंद केजरीवाल हार रहे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि गत सप्ताह मैंने पत्रकार वार्ता के मध्यम से खुलासा किया था कि आआपा नेताओं संजय सिंह एवं राघव चड्ढा नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से जुड़े चुनाव अधिकारियों पर तीन वर्ष पहले सरोजनी नगर आदि क्षेत्रों से शिफ्ट किए गये झुग्गी क्लस्टरों के वोटरों के वोट वहीं बने रहने देने का दबाव डाल रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि गत सप्ताह मैंने कहा था कि नई दिल्ली विधानसभा से शिफ्ट हुए वोट एवं मृत लोगों के वोट कट जाने की जानकारी मिलने के बाद से अरविंद केजरीवाल राजनीतिक तनाव में हैं।

## नई दिल्ली जिले के डीईओ ने आआपा नेताओं के खिलाफ सीईओ को लिखा पत्र

**नई दिल्ली**

नई दिल्ली जिला चुनाव अधिकारी (डीईओ) ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची से नाम हटाने से संबंधित आम आदमी पार्टी (आआपा) नेताओं के आरोपों के मुद्दे पर दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) को एक गोपनीय पत्र लिखा है। डीईओ नई दिल्ली के 4 जनवरी 2025 को लिखे पत्र में कहा गया है कि आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि अक्सर मेरे कार्यालय का दौरा कर रहे हैं और आपत्तिकताओं की व्यक्तिगत जानकारी मांग रहे हैं, जिसे भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के दिशानिदेशों के अनुसार साझा करना अनिवार्य नहीं है। इसके अलावा दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार (जीएनसीटीडी) की मुख्यमंत्री मुझे बिना किसी निर्दिष्ट एजेंडे के बैठक के लिए बुला रही हैं। इस पत्र में यह भी कहा गया है कि आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल के रूप में राघव चड्ढा ने 21 दिसंबर 2024, 28 दिसंबर 2024, 29 दिसंबर 2024 को डीईओ, नई दिल्ली जिले के कार्यालय का दौरा किया और 3 जनवरी 2025 को राघव चड्ढा और संजय सिंह दोनों ने डीईओ, नई दिल्ली जिले के कार्यालय का दौरा किया। उनकी ओर से आपत्तिकर्ता के व्यक्तिगत विवरण और अन्य ऐसी जानकारी मांगकर मुझ पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया, जो नियमित संचालन के दायरे से बाहर है। डीईओ ने आगे लिखा है कि इससे पहले भी बिना किसी एजेंडे के मुझे बैठक के लिए बुलाया था, जिसमें मतदाता सूची के बारे में चर्चा हुई थी। इसलिए आपके कार्यालय से अनुरोध है कि इस मामले में अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन प्रदान करें कि क्या मुझे सत्तारूढ़ सरकार द्वारा बिना किसी पूर्व बैठक एजेंडे के या किसी अन्य उचित कार्रवाई के बिना बैठक में भाग लेने की अनुमति है या नहीं, जैसा कि प्राधिकरण द्वारा उचित समझा जाता है। उधर, 4 जनवरी, 2025 को ही नई दिल्ली के एडीएम ने इलाके के डीसीपी को एक पत्र लिखा है। इसमें नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के आरोपों के बीच नई दिल्ली के डीईओ कार्यालय में व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती के लिए दिल्ली विधानसभा चुनाव, 2025 के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय के कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की लगातार उपस्थिति की ओर ध्यान दिला रहा हूं।




सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी